नहीं था परंतु अटकल से उन्होंने जान लिया कि तेजा मारा गया। जब लछमा सचेत हुई तब ख़ूब ही रोई झोंकी और घरवाले भी रोये; गांववालों ने, अड़ोसी पड़ोसियों ने उनके साथ सहानुभूति दिखलाई! और विशेष लिखकर पाठकों का हृदय दुखाने से कुछ लाभ नहीं है। ऐसे समय में जो कुछ होता आया है सब ही हुआ।

गानेवाले कहते हैं कि—"माता से घोड़ी ने सारा क़िस्सा कह सुनाया था।" इस पर कोई भरोसा करे या न करे उसे अधिकार है। यदि उसका आदमी की तरह बोलना असंभव है, यदि इसी तरह सांप का बात चीत करना असंभव है तो तेजा को मरते मरते जिला देनेवाले—साँप के काटे को प्राणदान करनेवाले और यों असंभव को संभव कर दिखानेवाले चमत्कार के पासंग में हैं। राजपूताने के जो लाखों आदमी इन चमत्कारों को सत्य मानते आए हैं उनके लिये तो सत्य है ही किन्तु जिनके हृदय की ऊसर भूमि में हज़ार बीज पड़ने पर भी विश्वास का अंकुर नहीं जम सकता वे मान लें कि घोड़ी ने दोनों जगह इशारों से समझा दिया था। जो घोड़े घोड़ी के स्वभाव का अध्ययन करनेवाले हैं अथवा जिन्होंने प्राणिविद्या का अनुशीलन किया है वे अवश्य मानेंगे कि पशु पक्षियों की, कीट पतंगादिकों की भी कोई भाषा है और जो अभ्यास करता है उसके लिये असाध्य नहीं है; कष्टसाध्य भले ही हो।

अच्छा जो जैसे माने उसे वैसे ही मानने दीजिये। घोड़ी के बताये हुए ठिकाने पर तेजा की तलाश करने के लिये घायल घोड़ी के खुरों तथा उसके रक्त-बिन्दुओं के चिह्न के सहारे सहारे तेजा की माता, उसका पिता और सगे साथी बैल गाड़ी पर सवार होकर चल दिये। घोड़ी के प्राण पखेरू वहीं उड़ गये।

अपने मालिक मालकिन के आत्मविसर्जन की सूचना देने के अनंतर जब घोड़ी ने अपने प्यारे प्राणों का त्याग कर दिया तब उसकी तो कथा ही समाप्त हो गई। ऐसी स्वामिभक्त घोड़ी का यदि किसी ने स्मारक बनाया तो क्या और न बनाया तो उसे क्या! जब घर में एक दम से दो २ स्वजनों का चिरवियोग हो गया तब उस बिचारी की सुध लेनेवाला भी कौन? अस्तु तेजा के मातापिता, बंधुबांधव, नौकर चाकर जंगल जंगल ढूंढ़ते हुए उसी जगह जा पहुंचे जहाँ तेजा की, उसकी अर्द्धांगिनी बोडल की और साथही उस सर्प की राख का ढेर चिता-भस्म में मिल कर उनका नाम शेष रह गया था। थोड़ी सी हड्डियाँ और थोड़ी सी आग के सिवा वहाँ कोई नाम निशान नहीं। यदि तेजा और उसकी स्त्री का भस्मावशेष हो गया तो हो गया किन्तु उसके शस्त्रों के सिवाय ऐसी कोई चीज़ नहीं बची जिसे छाती से लगाकर उसके माता पिता अपना कलेजा ठंढा कर सकें। प्रियजनों की प्यारी वस्तु का उनके चिरवियोग के अनंतर दर्शन प्रियदर्शन नहीं है। उसे देखने से सुख के बदले दुःख होता है। बस यही दशा उसके मातापिता की हुई। "हाय तेजा! अरे प्यारे पूत! ओ बुढ़ापे की लकड़ी! हाय हमें मंझधार में डाल कर कहाँ चल दिया! हाय र! हे भगवान् हमें भी मौत दे दो।" कहते कहते दोनों बेहोश! वे दोनों इस तरह अचेत भी हुए और समय पाकर उन्हें होश भी आया। उन्होंने उस जगह दम्पती की अंत्येष्टि क्रिया की अथवा नहीं। दोनों की अस्थियाँ गंगा जी भेजी गईं अथवा नहीं सो कोई नहीं कह सकता किन्तु जब तेजा इतना पराक्रम दिखला कर, केवल सत्य के लिये अपनी बलि चढ़ा कर स्वर्ग को सिधारा था, जब उसकी अभिलाषा और नागराज की आज्ञा थी तब उस जगह चबूतरा बनवा कर उसपर उनकी मूर्त्ति स्थापित की गई और इस तरह इस दुःखान्त कथा की यहीं समाप्ति हो गई।

संस्कृत-साहित्य में 'दुःखान्त' नाटक दूषित समझा जाता है और मैं भी उसे पसंद नहीं करता हूं। 'दुःखान्त से दर्शकों अथवा पाठकों के अन्तः-

करण पर प्रभाव पड़ता है सही परंतु जिसके असर से हृदय काँपता रहे वह प्रभाव नहीं। भय की छाया है। और भय, शोक, और वेदना मनुष्य को कीट भृंग की नाईं उसी में गिरा देती है इसलिये दुःख के अनन्तर सुख होना चाहिये। मैंने अभी तक जो कुछ लिखा लिखाया है सब केवल इसी उद्देश्य से। परंतु यह नियम कल्पना के मनोराज्य में आसन पा सकता है। सत्य घटना में नहीं। और तेजा की जो कहानी है वह सत्य घटनामूलक है। बस इस लिये मुझे 'दुःखान्त' लिखने की लाचारी ग्रहण करनी पड़ी। अस्तु जो कुछ होना था सो हो गया। जब मुझे दुःखान्त लिखना ही इष्ट नहीं है तब इस पुस्तक के अन्तिम दृश्य को अधिक मर्मभेदी, विशेष हृदयद्रावक, शब्दों में दिखला कर पाठकों को चर्म-चक्षुओं से वा हृदय की आँखों से रुलाना भी अच्छा नहीं।

तेजा का परलोकवास भाद्र शुक्ला १० को हुआ। इसमें किसी तरह का संदेह नहीं। राजपूताना भर में इसी दिन तेजा दशमी के नाम से उत्सव होता है किन्तु उसके जन्म का दिन कौन और संवत् कौन था? इस बात का पता जब राजपूताने के प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता मुन्शी देवीप्रसाद जी को ही नहीं लगा तब मुझ अकिंचन को लगने की आशा क्या? हाँ! गानेवालों के कथन से विदित हुआ है कि संवत् १ की यह घटना है। परंतु यह एक किस शताब्दी का एक है सो किसी को मालूम नहीं। इसलिये इस "एक" का मालूम होना और न होना बराबर है। गत पृष्ठों के पढ़ने से इतना अनुमान होता कि जिस समय की यह घटना बतलाई जाती है उस समय राजपूताने बल्कि भारतवर्ष में भयानक अराजकता थी। किसी की जान और माल की ख़ैर नहीं थी। और यदि कोई कारण हो सकता है तो यही जिससे तेजा को उसकी माता ने पीहर में बहू जवान हो जाने पर भी उसका मुकाबला कराने के लिये नहीं जाने दिया। मुन्शी देवीप्रसाद जी की खोज से जब पर्वतसर (मारवाड़) में तेजा जी की मूर्त्ति के निकट संवत् १७९१ मिती भाद्रपद कृष्ण ६ शुक्रवार को महाराज अभयसिंह जी के राज्य में प्रधान भंडारी विजयराज का मूर्त्ति पधराकर प्रतिष्ठा करने का उल्लेख है तब यह तो निश्चय हो ही गया कि यह घटना संवत् १७९१ अर्थात् १८० वर्ष से पूर्व की है। कितने वर्ष पूर्व की? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिये कुछ अटकल से काम लेना पड़ेगा। जो महाशय अपनी अटकल पर ज़ोर लगाकर परिणाम निकाला चाहें वे निकाल सकते हैं। मेरे अनुमान से यह घटना उस समय की होना चाहिये जब राजपूत-नरेशों की शक्ति नामशेष रह गई थी। वह समय औरंगज़ेब के शासन के लगभग है। अस्तु।

पुस्तक को समाप्त करने से पूर्व तेजा के जन्मस्थान का, उसकी ससुराल का और उस स्थल का जहाँ उसने आत्मविसर्जन किया पता लगाने की आवश्यकता है। मुन्शी देवीप्रसाद जी न मालूम किस आधार पर बतलाते हैं कि तेजा खड़नाल परगने नागोर राज्य जोधपुर का रहनेवाला था। किन्तु गानेवाले उसकी जन्मभूमि रूपनगर राज्य किशनगढ़ में बतलाते हैं। मैं गानेवालों के कथन से मुन्शी जी की खोज को विशेष प्रामाणिक मानता हूँ किन्तु एक ही बात से मुझे "खोज" पर सन्देह होता है। बात यह है कि तेजा के लिये जब स्मारक बनना मुन्शी जी पर्वतसर में स्वीकार करते हैं तब संभव नहीं है कि खडनाल छोड़ कर उसके माता पिता ने उसका चबूतरा इतनी दूर पर पर्वतसर में बनाया हो। गानेवाले तेजा का घर रूपनगर में बतलाते हैं और यहाँ से पर्वतसर दो तीन कोस से अधिक नहीं। बस इसलिये अधिक संभव यही है कि उसकी जन्मभूमि रूपनगर में थी।

ख़ैर कुछ भी हो पनेर के विषय में भी इसी तरह का मतभेद है। मुन्शी जी की खोज के अनुसार गाँव पनेर किशनगढ़ राज्य में बतलाया जाता है किन्तु न तो नक़शे के देखने से किशनगढ़ राज्य में किसी पनेर नामधारी गाँव का पता लगा और

न गानेवालों की बात पर ध्यान देने से यह बात अटकल के तराज़ पर तुल सकती है। यह मैं पहले ही कह चुका हूँ कि गानेवालों के मत से तेजा को रूपनगर से गोकर्णेश्वर के निकट बनास पार करके पनेर जाना पड़ा था। राजमहल राज्य जयपुर में छावनी देवली के निकट गोकर्णेश्वर महादेव का सुप्रसिद्ध मंदिर है। इस बात पर विश्वास करने से पनेर का होना डुगारी के निकट कहीं आस पास पाया जाता है क्योंकि तेजाजी के मुख्य धामों में से एक डुगारी भी है। यह डुगारी बूँदी राज्य में है। मंदिर में शिलालेख नहीं इसलिए इस विषय में अधिक नहीं कहा जा सकता। हाँ, एक पनेर मेवाड़ राज्य में भी है। उसका नाम पंदेर है। यह बनास नदी के किनारे जहाजपुर से पश्चिम की ओर दो तीन कोस होगा। परन्तु इस जगह पहुँचने के लिए राजमहल के निकट बनास उतरने की आवश्यकता नहीं।

मुन्शी जी के अनुमान से तेजा को साँप डसने की घटना कहीं पनेर के आस पास की ही पाई जाती है और हाड़ोती के गानेवालों ने तेजा की पूजा के पर्वतसर, उकलाना और डुगारी—ये तीन मुख्य पीठ बतलाने के सिवा किसी ख़ास जगह का पता नहीं दिया है। संभव है कि यह जगह उकलाना हो। परन्तु उकलाना किस राज्य में है सो अभी तक मालूम नहीं हो सका। रूपनगर से पनेर जाते समय गानेवालों ने तेजा के लिए जो मार्ग बतलाया है उसपर ग़ौर करने से निश्चय होता है कि जाती बार जिस जगह उसे साँप के दर्शन हुए थे वह बनास नदी और रूपनगर के बीच में है। साँप ने तेजा को अपने रहने का जो स्थान बतलाया उस जगह ऊँचे और नीचे चौरे बतलाये गये हैं। चौरे रणभूमि में काम आनेवाले वीर पुरुषों के लिए अथवा राजा तथा राजपुरुषों के लिए बनवाये जाते हैं। पता लगानेवाले उकलाने की खोज करते समय यदि जाँचना चाहें तो इसे भी देख सकते हैं।

मुन्शी देवीप्रसादजी की खोज के अनुसार तेजा के आत्मविसर्जन का स्थान पनेर है और इसी लिए वहाँ तेजा का पूजन भाद्रपद शु० १० को होता था किन्तु किशनगढ़ राज्य के हासिल (?) से कष्ट पाकर मारवाड़ के जाट और गूजर पनेर से तेजा की मूर्त्ति उखाड़ कर पर्वतसर ले गये। वहाँ अब बड़ा भारी मेला होता है और गाय बैलों की बिक्री होती है। संभव है कि यह बात सत्य हो परन्तु जब पर्वतसर और रूपनगर का फासला केवल २ या ३ कोस है तब रूपनगर से उखाड़ ले जाने और ससुराल पनेर की होने से उसके नाम की अटकल लगाई गई हो तो कुछ आश्चर्य नहीं। अब यों तो तेजा दशमी का मेला बड़े बड़े गाँवों में सब जगह होता है किन्तु पर्वतसर, केकड़ी और डुगारी--ये तीन स्थान मुख्य हैं। यहाँ मेले के व्याज से ख़ूब व्यापार भी होता है।

तेजा का चरित्र समाप्त करने से पूर्व अब एक ही बात शेष रह गई है। उसके चरित्र में चमत्कार भी है और उत्कृष्ट गुणों का समुदाय भी। जो चमत्कार के उपासक हैं वे राजपूताना के लाखों आदमी अपने अटल विश्वास से उसकी भक्तिपूर्वक पूजा करके सर्पदंश के भय से मुक्त होते हैं। सर्पदंश के प्राणान्तकारी विष के लिए यदि राजपूताने में कोई औषध है तो तेजाजी की डसी और मंत्र है तो उसका नाम। ख़ैर जो इस प्रकार के अलौकिक चमत्कार के उपासक हैं वे प्रसन्नता से उसकी पूजा करके अपने, अपने स्वजनों के और सर्वसाधारण के प्राणों की रक्षा करें। आज कल के अविश्वास और अश्रद्धा के ज़माने में जब हैदराबाद के निज़ाम स्वर्गवासी महबूबअली ख़ाँ साहब के नाम लेने से सर्पविष दूर हो सकता था तब तेजस्वी तेजा के नाम से क्यों न हो! किन्तु मैं चमत्कार का उपासक नहीं। गुणों का पूजक हूँ। तेजा ने अपने उत्कृष्ट चरित्र से साबित कर दिया है कि कैसे एक क्षुद्रातिक्षुद्र मनुष्य भी अपनी आत्म-शक्ति से, अपना आत्मविसर्जन करके अपने सर्वस्व और प्राणों की बलि चढ़ाकर मनुष्य से देवता बन सकता है। "नर से नारायण" बनने के विशाल उद्योग का यह एक छोटा सा नमूना है।

तेजा सचमुच ही प्रतिज्ञापालन, सत्यनिष्ठा ग्रैार परोपकार का आदर्श था। एक खेतिहर अपढ़ जाट होने पर भी क्षत्रियत्व उसके अन्तःकरण में ठसाठस भरा हुआ था। यदि उसके मन में पराक्रम की परिसीमा न होती, यदि उसका अंतःकरण परोपकार व्रत का व्रती न होता तो वह कभी डेढ़ सौ आदमियों से अकेला न भिड़ पड़ता। यदि उसे अपनी जान प्यारी होती तो "काने बछड़े" को छुड़ा लाने के लिए दुबारा क्यों जाता? यदि उसका शरीर ग्रैार उसका अंतःकरण सत्यनिष्ट न होता तो अपनी प्रतिज्ञा पालने के लिए साँप के पास जाकर अपने प्राणों की पूर्णाहुति ही क्यों करता? उसका प्राणान्त करने का प्रधान कारण गूजरी माना थी। उसी ने उसे मरवाया परन्तु उसने हँसकर उसका स्वागत करने के सिवा उसकी इच्छा पूर्ण करने के अतिरिक्त एक शब्द भी उसके लिए बुरा नहीं कहा। ससुरालवालों के निरादर को वह ज़हर के घूँट की तरह पी गया। जैसा असाधारण चरित्र तेजा का था वैसी ही उसकी अर्द्धांगिनी निकली। केवल हथलेवे के सिवा पति का कभी संपर्क न होने पर भी ग्रैार जाटों में धरेजे की चाल होने पर भी बोडल उसकी सहगामिनी हुई। पातिव्रत का यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

यदि देशी विद्वान् परंपरा से बाप दादे की धरोहर में मिलनेवाले इतिहास की खोज करके उसे ज़बानी से लेखबद्ध करना चाहें तो तेजा ऐसे क्या उससे भी बढ़कर सत्पुरुषों, महात्माओं ग्रैार महावीरों के हज़ारों ही प्रातःस्मरणीय चरित्र मिल सकते हैं। भारतवर्ष के आधुनिक इतिहास पर एक नई रोशनी पड़ सकती है। खोजनेवाला चाहिए। इस देश का ऐसा कोई गाँव न होगा अथवा ऐसा कोई कुटुँब न होगा जिसका कुछ इतिहास न हो। जिसके इतिहास में किसी न किसी तरह की विशेषता न हो। वह दिन सचमुच ही देश के लिए शुभ दिवस होगा जब इस बात की खोज होने लगेगी। परमेश्वर विद्वानों को ऐसी ही सुबुद्धि प्रदान करे।

—:०:—

जम्बू-राजवंश।

(पूर्व प्रकाशित से आगे।)

गुलाबसिंह ने बड़े ठाट बाट से लाहौर नगर में प्रवेश किया ग्रैार नगरनिवासियों द्वारा उनका बहुत अच्छा स्वागत हुआ। उन्हें देखने के लिए कोठों ग्रैार छतों पर बड़ी भीड़ हुई थी ग्रैार सब लोग ईश्वर से गुलाबसिंह के कल्याण की प्रार्थना करते थे। लोगों ने उन्हें स्वर्गीय कुवँर नैानिहालसिंह के मकान में जा उतारा; पर वहाँ उनपर कड़ा पहरा बैठा दिया गया था। इस गारद के सिपाहियों को गुलाबसिंह की सेना ने एक बार जम्बू में बुरी तरह परास्त किया था। इस गारद को यह आज्ञा मिली थी कि दीवान के अतिरिक्त ग्रैार किसी को गुलाबसिंह के पास न जाने दिया जाय। उस मकान में उतरते ही दीवान ने एक कूएँ से पानी खींचना चाहा पर लोगों ने उसे रोक दिया। दूर से एक बुढ़िया यह दृश्य देख रही थी; उसने उसे तुरंत बुलाकर उसके तथा महाराज के लिए जल ग्रैार भोजन दिया। दीवान ने उसी समय बीबी साहबा के दरबार में जाकर कहा—"यदि कोई अपराधी दंडित भी कर दिया जाय तो भी उसे भोजन ग्रैार जल देने का नियम है; पर गुलाबसिंह को—जो केवल हरासत में हैं—भोजन क्या, बैठने के लिए बिस्तर तक न मिला।" उसी समय बीबी साहबा ने आज्ञा दी कि गुलाबसिंह के लिए सब आवश्यक पदार्थों का प्रबंध कर दिया जाय। यद्यपि वहाँ के दरबारी गुलाबसिंह से अप्रसन्न थे ग्रैार उनका अनिष्ट चाहते थे तथापि उन्हें इस बात का भय अवश्य था कि यदि उन्हें किसी प्रकार की हानि पहुँची तो खालसा सेना कदाचित् कोई उपद्रव खड़ा कर देगी। वहाँ गुलाबसिंह के विरुद्ध दिन भर जितनी बातें होती थीं उन सब की सूचना उन्हें दीवान द्वारा मिल जाती थी। एक दिन उन्होंने दीवान

से सुना कि दरबार के लोग उनके छिपे हुए ख़ज़ाने का पता लगाने के लिए उनके दीवान ग्रैार वज़ीर ज़ोरावरसिंह पर कुछ अत्याचार करने का विचार कर रहे हैं। इसपर महाराजा ने दीवान को जम्बू भेज दिया। उसी समय दीवान ने उनके सामने प्रण किया था कि चाहे प्राण चले जायँ पर मैं किसी को ख़ज़ाने का पता न बताऊँगा। एक बार दरबारियों ने यह भी विचार किया था कि स्वयं गुलाबसिंह पर अत्याचार करके उनसे ख़ज़ाने का पता पूछा जाय। खालसा सैनिक इन बातों की सूचना पाकर बहुत अप्रसन्न हुए। इस पर रत्नसिंह ने राजा लालसिंह को सम्मति दी कि वे किसी न किसी प्रकार गुलाबसिंह को मुक्त कर दें नहीं तो खालसा सेना कुछ उपद्रव करेगी। उसी अवसर पर दीवान दीनानाथ ने भी यह सूचना दी कि सैनिक उन्हें धमकाते ग्रैार गुलाबसिंह को मुक्त कर देने के लिए कहते हैं। इन बातों से दरबार के लोग बहुत चिंतित हुए। सेना को शान्त रखने के अभिप्राय से सरदार ज़ोरावरसिंह ने यह प्रबंध किया कि एक दिन मियाँमीर के मैदान में महाराज दलीपसिंह खालसा सेना का निरीक्षण करें। उस अवसर पर सेना ने गुलाबसिंह को मुक्त करने की बात उठाई। सैनिकों के हृदय में उनके लिए बहुत आदर था ग्रैार उन लोगों ने गुलाबसिंह को लाहैार लाते समय उन्हें इस बात का वचन दिया था कि वे सब प्रकार से उनकी रक्षा करेंगे। केवल इतना ही नहीं, बल्कि सेना ने उसी स्थल पर जवाहिरसिंह को मार डालने ग्रैार दलीपसिंह को हाथी पर से नीचे खींच लेने की धमकी दी। इसलिए दलीपसिंह को विवश होकर गुलाबसिंह के निवास-स्थान से पहरा उठा लेना पड़ा। दूसरे दिन उन्होंने गुलाबसिंह को अपने दरबार में बुलवाया ग्रैार उनसे पूछा कि राजा सुचेतसिंह ग्रैार राजा हीरासिंह की धन-सम्पत्ति कहाँ है? उस अवसर पर दलीपसिंह ग्रैार उनके दरबारियों ने गुप्त रूप से ऐसा प्रबंध कर रखा था कि इशारा होते ही गुलाबसिंह का बध हो सके। गुलाबसिंह भी यह बात भली भाँति जानते थे। पर उस दिन वह बात बढ़ी नहीं ग्रैार गुलाबसिंह दरबार से सकुशल लैाट आये। इसके उपरांत एक दिन वह सूर्योदय के समय स्नान करके ग्रैार केसर का टीका लगा कर दरबार में गए। उस समय वहाँ सरदार जवाहिरसिंह, लालसिंह, श्यामसिंह तथा अन्य बड़े बड़े दरबारी बैठे हुए थे। गुलाबसिंह को इस रूप में देखकर सब लोग बहुत चकित हुए। गुलाबसिंह ने उन लोगों से कहा,—"मैंने स्वर्गीय महाराज रणजीतसिंह की बहुत सेवा की है ग्रैार उनके लिए अनेक लड़ाइयाँ लड़ी हैं। पर इस समय लोग मेरे विरुद्ध षड्यंत्र रच रहे हैं ग्रैार मेरा बध करने के लिए गुप्त रूप से हत्यारों को नियुक्त करते हैं। यदि मेरे विरोधियों में से कोई वास्तविक योद्धा ग्रैार वीर हो तो वह इस समय मेरे सामने आवे ग्रैार मुझसे लड़े। यदि एक का साहस न पड़े तो दो आदमी मिलकर मेरा सामना करें। मैं अपने रक्त से दरबार की भूमि रंग दूँगा ग्रैार यहाँ के उपस्थित लोगों में से एक को भी जीता न छोड़ूँगा।" दरबारी भली भाँति जानते थे कि गुलाबसिंह बहुत वीर आदमी हैं, इसलिए उन्होंने उनकी बात का कोई उत्तर न दिया ग्रैार चुप रहना ही अधिक उत्तम समझा। ग्रंत में सब लोगों ने गुलाबसिंह से क्षमा-प्रार्थना भी की ग्रैार सदा उनके शुभचिंतक बने रहने के लिए शपथ खाई।

इसके उपरांत एक बार शरबत में हीरे की कनियाँ डालकर भी गुलाबसिंह के प्राण लेने का प्रयत्न किया गया था, पर उन्हें यह बात पहले ही मालूम हो गई थी, इसलिए उन्होंने शरबत न पीकर केवल बरफ़ का पानी पीया था। एक दूसरे अवसर पर दरबार से रजावड़ी के रहमउल्लाखाँ ग्रैार सुलतानखाँ के पुत्र फैजतलब को सड़क पर खड़े रहने ग्रैार दरबार से लैाटते हुए गुलाबसिंह को गोली मार देने की आज्ञा मिली थी। तदनुसार एक बार ग्रंधेरी रात में वे लोग दो सैा आदमियों को अपने साथ लेकर गुलाबसिंह की घात में एक

स्थान पर छिप रहे। पर उस दिन दरबार से उठकर गुलाबसिंह किसी साधु के पास चले गए थे और बहुत देर तक उसी से बातें करते रह गए थे। उस समय उनका दीवान दूसरे मार्ग से घर चला गया था। जब बहुत अधिक रात बीत गई तो फैजतलब और रहमउल्लाख़ाँ के साथी निराश होकर चलते बने। थोड़ी देर पीछे गुलाबसिंह अपने दलबल सहित वहाँ पहुँचे और षड्यंत्र के कुछ लक्षण देखकर उन्होंने सबका पीछा किया और उनमें से कुछ लोगों को पकड़ कर उनसे सब भेद जान लिया। दूसरे दिन प्रातःकाल गुलाबसिंह ने उन लोगों को साथी बना कर अपने दीवान के साथ दरबार में भेज दिया। दीवान ने वहाँ लोगों को सब समाचार सुना दिया। सब दरबारियों ने कानों पर हाथ रखे और इस षड्यंत्र से अनभिज्ञता प्रकट की। अंत में दीवान के कहने पर निश्चय हुआ कि गिरिफ़्तार किए हुए लोग कहीं दूर भेज दिए जायँ और तदनुसार वे लोग हथकड़ियाँ और बेड़ियाँ पहना कर गोविंद-गढ़ भेज दिए गए।

उधर सरदार जवाहिरसिंह और राजा लालसिंह में बहुत वैमनस्य हो गया था। लोग यह भी समझते थे कि यदि गुलाबसिंह इन दोनों में से किसी का भी पक्ष ले लेंगे तो झगड़े की समाप्ति असंभव हो जायगी। गुलाबसिंह के शुभचिंतक सरदार मुहम्मदख़ाँ ने अवसर पाकर राजा लालसिंह को स्मरण दिला दिया कि गुलाबसिंह—जिनकी योग्यता के कारण खालसा सेना उनपर मुग्ध हो रही है,—बहुत दिनों से लाहौर में ठहरे हुए हैं; बहुत संभव है कि आगे चलकर किसी प्रकार का उत्पात खड़ा हो, इसलिए उन्हें जम्बू जाने के लिए मुक्त कर देना ही अधिक उत्तम होगा। तदनुसार जम्बू जाने के लिए गुलाबसिंह मुक्त कर दिए गए; पर उन्होंने कहा कि जब तक मेरी ज़ब्त की हुई जागीरें परवानों सहित मुझे न मिल जायँगी तब तक मैं यहाँ से न हिलूँगा। अंत में उन्हें सब जागीरें मिल गईं और वह सकुशल जम्बू लौट गए। वहाँ सारी प्रजा ने बड़ी प्रसन्नता से उनकी अभ्यर्थना की। पर उनकी अनुपस्थिति से लाभ उठा कर कुछ दुष्टों ने राज्य में उपद्रव मचा रखा था। राज्य के कई अधिकारियों की शह पाकर किश्तवार नामक स्थान के ज़मींदारों ने प्रजा को बलवा करने के लिए भी भड़काया था। यूसुफख़ाँ नामक एक व्यक्ति ने, जिसके साथ गुलाबसिंह ने बहुत उपकार किए थे, उन उपकारों को भुलाकर, किश्तवार के भूतपूर्व राजा तेगसिंह के विद्रोही पुत्र दिलावरसिंह से मिल कर दूध नामक क़िले को, जिसमें गुलाबसिंह की फ़ौज थी, चारों ओर से घेर लिया था; पर अंत में गुलाबसिंह की सेना ने उनको मार भगाया। रामनगर में रणधीर-सिंह पर भी आक्रमण किया गया था; उस समय स्वर्गीय राजा सुचेतसिंह के वज़ीर निहालसिंह खालसा सेना सहित वहीं थे। पुंछ के क़िले में दीवान करमचंद को भी विद्रोहियों का सामना करना पड़ा था। जसरौटा प्रांत पर विद्रोहियों का अधिकार भी हो गया था। तात्पर्य्य यह कि जिस समय गुलाबसिंह लाहौर में नज़रबंद थे उस समय बहुत से सरदारों ने उनका राज्य दबा लेने की चेष्टा की थी; पर गुलाबसिंह ने वहाँ से लौटते ही सबको निकाल बाहर किया।

उन दिनों जिस सरदार को आवश्यकता होती थी वह धन का लोभ देकर अपना काम निकालने के लिए खालसा सेना को अपनी ओर मिला लेता था। इस प्रकार काम निकालनेवालों के उदाहरण सिंधनवालिए सरदार, राजा सुचेतसिंह और राजा हीरासिंह हैं। महाराज रणजीतसिंह के एक पुत्र महाराज पिशौरासिंह जब स्यालकोट में कोई उपद्रव न खड़ा कर सके तो आगे बढ़ कर अटक पर अपना अधिकार जमा बैठे। पर छतरसिंह और फतेहख़ाँ नामक दो सरदारों ने कुछ उपाय करके उन्हें वहाँ से हटा दिया। इन दोनों सरदारों ने पहले पिशौरासिंह के सामने यह भी शपथ खाई थी कि वे उन्हें कोई हानि न पहुँचावेंगे। इसके बाद उन दोनों ने जवाहिरसिंह की आज्ञा से पिशौरासिंह को मार डाला। इस पर खालसा सेना बिगड़ खड़ी हुई और

जवाहिरसिंह के बध पर उतारू हो गई; साथ ही उसने राजा लालसिंह, राजा दीनानाथ और बख़्शी भगतराम को अपनी हिरासत में कर लिया। सरदार जवाहिरसिंह अपनी एक सेना को साथ ले कर सेना का निरीक्षण करने और महाराज दलीपसिंह से मिलने के लिए मियाँमीर गए; वहाँ पर खालसा सेना ने महाराज को खींच कर हाथी पर से उतार लिया और जवाहिरसिंह को छुरियों से वहीं मार डाला।

इस घटना के उपरांत खालसा सेना ने महाराज गुलाबसिंह को बुलाने के लिए एक एक करके कई दूत जम्बू भेजे, पर महाराज ने सबों को कुछ न कुछ बहाना करके टाल दिया। लाहौर-सरकार को उस सेना से बहुत भय था, क्योंकि बीबी-साहब चंदाँ अपने भाई के बध का बदला लेना चाहती थीं और सेना को अपनी तनख़्वाह बढ़वाने तथा दूसरी बातों के लिए भड़का रही थीं। उन्होंने सेना से यह भी कह रक्खा था कि अंगरेज़ लोग सतलज के इस पार, पंजाब पर भी चढ़ाई करना चाहते हैं। इस पर खालसा सेना फूल कर कुप्पा हो गई थी। एक अवसर पर जब कि उसके अफ़सर शालाबाग में परस्पर कुछ मंत्रणा कर रहे थे, खालसा सेना अपनी मियाँमीर की छावनी से निकल कर सीमा-प्रांत की ओर चल पड़ी। राजा लालसिंह भी इस विषय में उनसे सहमत थे, पर और लोग कई कारणों से इसके विरुद्ध थे। खालसा सेना अपना ही देश लूटती और नष्ट करती हुई सतलज के किनारे तक आ पहुँची। उधर बीबी साहबा ने अपना षड्यंत्र पूरा करने के लिए महाराज गुलाबसिंह को लिख दिया कि आप पेशावर जा कर उस प्रांत का प्रबंध करें। पर महाराज ने उत्तर में उन्हें लिख भेजा कि मैं अँगरेज़ों के साथ की हुई मित्रता की संधि नहीं तोड़ सकता क्योंकि इसका परिणाम बहुत बुरा होगा। इसके उत्तर में बीबी साहबा ने उनकी बहुत प्रशंसा की और खालसा अफ़सरों के नाम एक घोषणा-पत्र निकाला जिसमें लिखा था कि अँगरेज़ अधिकारी संधि तोड़ना नहीं चाहते और उनपर अकारण आक्रमण करना अनुचित होगा। पर मूर्ख और उद्दंड सिखों ने इस पर कुछ भी ध्यान नहीं दिया और वे सतलज नदी के पार चले गये। जब उन्हें सूचना मिली कि फ़ीरोज़पुर की रक्षा के लिए लोधियाने से अँगरेज़ी सेना चल चुकी है तो उन लोगों ने उसका सामना करना निश्चय किया। गवर्नर जनरल लार्ड हार्डिंज के एजेण्ट मेजर ब्राडफूट ने इन कार्रवाइयों की सूचना उक्त लाट महोदय को दी। इस पर लाट साहब ने लार्ड गफ़ को कूच करने की आज्ञा दी। लार्ड गफ़ के अधीन सेना ने मुदकी में सिखों का सामना किया। युद्ध में सिखों ने ख़ूब वीरता दिखलाई पर अंत में उन्हें अपना सारा सामान वहीं छोड़कर भागना पड़ा। उनके नायक राजा लालसिंह भी भाग गए और उनका कोई पता नहीं मिला। इस पराजय के उपरांत खालसा सेना के अधिकारियों ने एक सभा की और उनमें से कुछ लोग सम्मति लेने के लिए महाराज गुलाबसिंह के पास भी गए। महाराज ने उनसे कहा कि अभी कोई चिंता की बात नहीं है; इस समय सेना जहाँ है, वहीं ठहरी रहे। पर खालसा सेना ने इस सम्मति पर कुछ भी ध्यान न दिया और एक पुल बना कर नदी पार की और दूसरी ओर जाकर छावनी डाली। सरदार रणछोड़सिंह ने, जो उस समय दुआब में सेना एकत्र कर रहे थे, वहाँ पहुँच कर सतलज के किनारे फिलौर में अपनी छावनी डाली। खालसा सेना ने आवेश में आकर लोधियाना छावनी में आग लगा दी। लाडवा के राजा भी अपनी सेना सहित आ कर सरदार रणछोड़सिंह के साथ मिल गए। उधर महाराज पटियाला ने अँगरेज़ों को सहायता दी। लाहौर-सरकार की आज्ञा से अपनी अपनी सेना सहित सरदार तेजसिंह तथा लालसिंह मुरारिया, जो उन दिनों लाहौर सरकार की ओर से जसरौटा का इंतज़ाम कर रहे थे, आकर खालसा सेना में मिल गए। राजा लालसिंह भाग कर

दुआब में जा छिपे थे और लज्जा के कारण किसी को अपना मुँह तक न दिखाते थे। जब उनका पता लगा तब लाहौर-सरकार ने उन्हें भी खालसा सेना की सहायता करने की आज्ञा दी और तदनुसार वे भी जाकर उसमें सम्मिलित हो गए।

ऊपर कहा जा चुका है कि खालसा सेना के कई अफ़सर महाराज गुलाबसिंह की सम्मति लेने तथा उन्हें युद्ध-स्थल में उपस्थित होने का निमंत्रण देने के लिए जम्बू गए थे। एक दिन उन अफ़सरों ने मूर्खता और घमंड में आकर महाराज के सामने अपने पूर्वजों का बनाया हुआ एक पंजाबी पद पढ़ा जिसका अभिप्राय यह था कि खालसा सेना कभी न कभी दिल्ली के तख्त पर बैठेगी। इस पर महाराज ने कहा कि समझ में नहीं आता कि लगभग एक लाख आदमियों की खालसा सेना इतने छोटे से तख्त पर किस प्रकार बैठ सकेगी। इस पर सब उपस्थित सरदार मुसकरा पड़े। गुलाबसिंह ने उन लोगों का आदर सत्कार तो यथेष्ट किया पर उनका निमंत्रण स्वीकार करने में अनेक प्रकार की आना-कानी की। बीच बीच में वह भगवती के दर्शनों के लिए रियासी भी चले जाते थे; कभी वह पुरमंडल में जा रहते थे और कभी अशुभ मुहूर्त्त का बहाना कर देते थे। असल बात यह थी कि वह बिना बीबी साहबा का निमंत्रण पाए युद्ध में सम्मिलित होना नहीं चाहते थे। अंत में बाबा महानसिंह और दीवानसिंह बीबी साहबा की ओर से उन्हें रण में सम्मिलित होने का निमंत्रण देने के लिए आ ही पहुँचे। इसी बीच में उन्होंने एडवर्ड लेक साहब को भी एक पत्र लिख भेजा था जिसका केवल ज़बानी उत्तर उन्हें यह मिला कि—"जो आदमी ऊँचे पहाड़ पर चढ़ना चाहता है उसे प्रातःकाल ही प्रस्थान कर देना चाहिए।" इस पर गुलाबसिंह ने खालसा सेना के अधिकारियों को एक परवाना भेज कर उन्हें अपने स्थान पर ठहरे रहने की सम्मति दी और स्वयं सेना सहित लाहौर की ओर प्रस्थान किया। लाहौर पहुँच कर उन्होंने रावी के किनारे डेरा डाला। राजा दीनानाथ, भाई रामसिंह तथा अन्य बड़े बड़े सरदारों ने राज्य की ओर से उनका स्वागत किया। इसके उपरांत दरबार में उन्हें बीबी साहबा की ओर से एक भारी खिलअत और वज़ीर की उपाधि मिली। गुलाबसिंह ने सेना के अधिकारियों के नाम तुरंत एक परवाना भेज कर उन्हें शांत रहने की आज्ञा दी। पर उधर सरदार रण-छोड़सिंह मजीठिया ने सतलज पार करके युद्ध आरम्भ कर दिया था जिसमें दोनों ओर के बहुत से लोग मारे जा चुके थे। इस युद्ध में यद्यपि सिख लोग परास्त हो गए थे तो भी उन्होंने उन्नीस युरोपियनों को क़ैद कर लिया था। इसलिए गुलाबसिंह ने अंगरेज़ अधिकारियों से एक पत्र लिख कर क्षमा माँगी और उन्हें विश्वास दिलाया कि महाराज दलीपसिंह के अल्पवयस्क होने के कारण मूर्खता-वश अंगरेज़ों पर आक्रमण हुआ था; साथ ही उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि महाराज रणजीतसिंह के साथ अंगरेज़ों की जो मित्रता की संधि हुई है वह बनी रहनी चाहिए। यह पत्र लाला चुन्नीलाल और लाला अनंतराम के द्वारा सर हेनरी लारेन्स के पास भेजा गया था जिसके उत्तर में उन्होंने ११ फरवरी १८४६ को फ़ीरोज़पुर की छावनी से लिख भेजा था कि सिख-राज्य को नष्ट करने का विचार आन० ईस्ट इण्डिया कम्पनी का नहीं है; पर वह उन आक्रमणों को अवश्य रोकना चाहती है जो सिख सेना चार बार पराजित हो चुकने पर भी अब तक कर रही है। और यदि भविष्य में इन विद्रोहियों को दण्ड देने की आवश्य-कता हुई तो सिख-सरकार को उसका उत्तरदायी होना पड़ेगा। पर इस पत्र के लिखे जाने से पहले ही अंगरेज़ी सेना ने प्रातःकाल के समय सिखों पर छापा मारा था। सिख सेना के नायक सरदार तेजासिंह ने अपने साथियों को भागते हुए देखा तब उन्हें रोकने के लिए, भागने के मार्गवाला पुल तुड़वा दिया, तिस पर भी बहुत से सिख नदी में कूद कर मर गये। सरदार श्यामसिंह अटारीवाले ने युद्ध में

वीरतापूर्वक लड़कर अपने प्राण दिये। पर राजा लालसिंह को अंगरेज़ी सेना का सामना करने का साहस न हुआ और वह चुपचाप एक कोने में बैठे रहे। उसी अवसर पर १३ फरवरी सन् १८४६ को मेजर (सर हेनरी) लारेन्स ने गुलाबसिंह को एक पत्र भेजकर उनसे भेंट करने की इच्छा प्रकट की और इसके लिए उन्हें उचित प्रबंध करने के लिए कहा।

इस प्रकार पंजाब में विजय प्राप्त करके अंगरेज़ी सेना ने लाहौर के निकट डेरा डाला और बड़े लाट ने एक घोषणापत्र प्रकाशित किया। इस घोषणा-पत्र का आशय यह था कि अंगरेज़ों ने सिखों को कई युद्धों में परास्त किया है और उनसे २२० से अधिक तोपें छीन ली हैं। इन युद्धों का कारण यह था कि सिखों ने सन् १८०९ वाली संधि की धाराओं का अतिक्रमण किया था। इसलिए जब तक सिख लोग अंगरेज़ों को हरजाना न देंगे और संतोषजनक निबटारा न करेंगे तब तक अंगरेज़ लोग पंजाब खाली न करेंगे। यद्यपि अंगरेज़ सरकार अपने राज्य की सीमा बढ़ाना नहीं चाहती तथापि भविष्य की अधिक रक्षा के लिए वह लाहौर की सरहद का कुछ हिस्सा अपनी सरहद में मिला लेना चाहती है जिसमें सतलज और व्यास के बीच के ज़िले और कुछ पहाड़ी ज़िले सम्मिलित हैं। इन जिलों का दाम सिख-सरकार हरजानों की उस रकम में से काट ले जो वह अंगरेज़ों को देगी। अंत में वह महाराज रणजीतसिंह के लड़कों में से एक को पंजाब के राज्यासन पर बैठाना चाहती है। पर यदि भविष्य में और कोई उत्पात खड़ा होगा तो अंगरेज़ों को फिर उसे दमन करने की आवश्यकता पड़ेगी।

इधर महाराज गुलाबसिंह ने उन अंगरेज़ों को, जिन्हें सिख सेना ने युद्ध में बंदी किया था, भारी भारी खिलअतें दीं और उन्हें हाथियों पर चढ़ा कर बहुत से सिपाहियों के साथ कसूर की छावनी में भेज दिया। इसके उपरांत महाराज ने भाई रामसिंह, दीवान दीनानाथ, फ़क़ीर नूरउद्दीन तथा अन्य बड़े बड़े दरबारियों और सरदारों से शांति और संधि के विषय में सम्मति ली और सब बातें निश्चय कर लीं। अंत में बीबी साहबा से भी सम्मति माँगी गई। वह भी महाराज के निश्चय से सहमत हो गईं और उन्होंने तुरंत अपनी खास मोहर और सब कार्रवाइयों के हस्ताक्षर सहित उस संबंध में एक परवाना निकाला। तदुपरांत दीवान दीनानाथ, फ़क़ीर नूर-उद्दीन, दीवान देवीसहाय तथा अन्य बड़े बड़े सरदारों और पाँच सिख पलटनों को अपने साथ लेकर अंगरेज़ों से मिलने के लिए रवाना हुए। इन पलटनों के प्रत्येक सिपाही को उन्होंने पाँच पाँच रुपये दिए थे। पर यह सिपाही बड़े उद्दंड और स्वेच्छाचारी थे, इसलिए पुराने नौशहरा तक पहुँचते पहुँचते महाराज के साथ केवल एक पलटन बाकी रह गई। वहाँ से चल कर वह लोग बड़े लाट के पास कसूर पहुँचे। जब कसूर एक कोस रह गया तो समाचार पाकर सर हेनरी लारेन्स जो उस समय नेपाल के रेसिडेण्ट थे, उनका स्वागत करने और उन्हें बड़े लाट के डेरे तक ले चलने के लिए आए। बड़े लाट के निवास-स्थान तक पहुँचने पर चीफ़ सेक्रेटरी सर फ़्रेडरिक करी उन्हें लाट साहब के खेमे तक ले गए। लाट साहब स्वयं खेमे से बाहर आकर, गुलाबसिंह से हाथ मिलाकर उन्हें अंदर ले गए। भीतर आकर सब लोगों के बैठने पर महाराज ने उन्हें भली भांति समझा दिया कि सिख सेना क्यों इतनी उद्दंड और ख़राब हो गई है। इसके उपरांत उन्होंने शांति और संधि की बात चलाई। इस पर बड़े लाट ने कहा कि यदि सिख-सरकार हरजाने के दो करोड़ रुपए और दुआब प्रांत अंगरेज़ों को दे दे तो यह झगड़ा तै हो सकता है। पर गुलाबसिंह ने कहा कि इतना अधिक धन संग्रह करना असम्भव है। इस पर सर फ़्रेडरिक करी और सर हेनरी लारेन्स उन्हें एक ओर एकांत में ले गए और उनसे कहने लगे—इन झगड़ों में आप के भाइयों तथा अन्य कई संबंधियों के प्राण चले गए हैं; इसलिए सिख राज्य का इतना समर्थन करने की आपको कोई आवश्यकता नहीं है। इसके अतिरिक्त बड़े लाट आपको कोहिस्तान और काशमीर का राज्य देकर स्वतंत्र बनाना

चाहते हैं और महाराज की पदवी से विभूषित किया चाहते हैं। गुलाबसिंह ने उत्तर दिया कि बड़े लाट की इच्छा ही आज्ञा स्वरूप है पर मेरे संबंधियों के प्राण देने का कारण यह है कि वे सिख-सरकार के सेवक थे। महाराजा दलीपसिंह अभी नाबालिग़ हैं और बड़े लाट से संधि करने के लिए मैं भेजा गया हूँ। ऐसे अवसर पर यदि मेरी शक्ति और स्वतंत्रता की वृद्धि हो भी तो इससे मेरी और मेरे उत्तराधिकारियों की प्रतिष्ठा में सदा के लिए बट्टा लग जायगा। अतः मेरी प्रार्थना है कि स्वर्गीय महाराज रणजीतसिंह के साथ की हुई संधि का बड़े लाट सदा ध्यान रक्खें; क्योंकि सेना के इन अनुचित कृत्यों में बालक दलीपसिंह का कोई दोष नहीं है। उक्त दोनों महाशयों ने यह बातें बड़े लाट से कहीं। इस पर बहुत रात तक संधि की बातें होती रहीं और अंत में निश्चय हुआ कि सिख-सरकार हरजाने का डेढ़ करोड़ रुपया देने के अतिरिक्त दुआब प्रांत भी अँगरेज़ों के लिए छोड़ दे। गुलाबसिंह ने भी दुआब प्रांत और पचास लाख रुपया तत्काल और शेष एक करोड़ तीन किश्तों में देना स्वीकार किया। इसके उपरांत बड़े लाट ने दलीपसिंह से भेंट करने की इच्छा प्रकट की; तदनुसार गुलाबसिंह ने इस आशय का एक पत्र बीबी-साहब के नाम भेज दिया। दूसरे ही दिन महाराज दलीपसिंह वहाँ आ पहुँचे। उनके आने पर अँगरेज़ी छावनी में सलामी सर हुई और बड़े लाट ने दलीपसिंह और गुलाबसिंह को खिलअतें दीं।

अँगरेज़ी सेना के पहलेपहल लाहौर नगर में प्रवेश करने पर गुलाबसिंह ने पहले तो कुछ आपत्ति की पर अंत में वह सहमत हो गए; क्योंकि अँगरेज़ों ने कह दिया था कि हरजाने की पहली किश्त के पचास लाख रुपए मिलते ही हम लोग नगर से निकल जायँगे। इसके उपरांत बीबी साहबा ने लालसिंह को ठीक करके अँगरेज़ अधिकरियों के पास इस आशय का एक पत्र भेजा कि गुलाबसिंह को कोई अधिकार नहीं है और हमारे वकील और संधि करनेवाले लालसिंह ही हैं। तदनुसार लालसिंह उक्त धनके जमानतदार हुए; उन्होंने अँगरेज़ी सेना के लाहौर नगर में ठहरने और रसद आदि का प्रबंध कर दिया और एक करोड़ रुपए के बदले में ब्यास नदी के दूसरे ओर के जिले, काँगड़ा, कोहिस्तान, काशमीर, हजारा और चंबा सदा के लिए अँगरेज़ों को दे दिये। इस प्रकार मानों जम्बू तथा गुलाबसिंह के अन्य अधिकृत प्रांत भी अँगरेज़ों के हाथ लगे। इस पर गुलाबसिंह को बहुत अधिक आश्चर्य हुआ और उन्होंने दीवान ज्वालासहाय को तुरंत सर हेनरी लारेन्स के पास भेजा। इससे पूर्व ही एक बार पेशावर में सर लारेन्स से उनकी भेंट हो चुकी थी। सर लारेन्स ने पर राष्ट्र-सचिव सर फ्रेडरिक करी से सलाह करके गुलाबसिंह को इस आशय का एक पत्र लिख भेजा कि अँगरेज़ सरकार ने अब तक उनके अधिकृत प्रांत केवल उन्हें भेंट कर रखे थे; पर अब यदि गुलाबसिंह चाहें तो धन देकर वह प्रांत ले सकते हैं। बड़े लाट ने एक करोड़ रुपए लेकर ब्यास और सिंध नदी का मध्यवर्त्ती प्रांत, काँगड़ा, काशमीर, हजारा और कोहिस्तान गुलाबसिंह को दे देना स्वीकार किया। पर उस समय गुलाबसिंह के पास इतना रुपया नहीं था, इसलिए उन्होंने थोड़े रुपए देकर कुछ कम प्रांत लेना चाहा। पर बीबी साहबा इस प्रबंध से भी संतुष्ट नहीं हुईं और उन्होंने राजा दीनानाथ, फ़क़ीर नूर-उद्दीन और भाई रामसिंह को सर लारेन्स और सर करी के पास भेजकर कहला दिया कि यह प्रबंध नहीं होना चाहिए और यदि होगा तो मैं स्वयं इसके प्रतीकार के लिए लंडन जाऊँगी। पर अँगरेज़ अधिकारियों ने इन बातों पर कुछ ध्यान न दिया; इस पर बीबी साहबा ने गुलाबसिंह को क़ैद करने के लिए सिख सेना को भेजा पर इससे पहले ही मेजर मेगरेगर एक रसाले के साथ जाकर गुलाबसिंह को अँगरेज़ी छावनी में ले आए, और वहाँ पर अँगरेजों के साथ उनकी संधि हो गई। (शेष आगे)

—:०:—

मानव-जीवन पर नाटकों का प्रभाव और हिन्दी में उनकी अवस्था।

(लेखक श्री साँवलजी नागर।)

हिन्दी नाटकों की अवस्था।

विषयारम्भ—मानव-जीवन के इतिहास में दो शक्तियाँ बहुत मुख्य हैं। इन्हीं के आधार पर मनुष्य का कार्य होता है। यदि ये दोनों न हों तो मानव-जीवन का निर्माण वृथा है। मनुष्य की इन दो प्रधान शक्तियों के नाम (१) सुनना और (२) देखना हैं। सच पूछिए तो संसार की सभी वस्तुओं में इनकी प्रधानता है। इसी लिए हमारे प्राचीन विद्वानों ने काव्य के भी दो विभाग कर दिये हैं, एक श्रव्य दूसरा दृश्य। श्रव्य काव्य वह है जिसमें कवि कुछ स्वयं वर्णन करता है और जिसके केवल सुनने ही से आनन्द प्राप्त होता है जैसे क़िस्से, कहानियाँ, उपन्यास, इत्यादि। दृश्य काव्य वह है जिसमें कवि को जो कुछ वर्णन करना होता है वह आप कुछ नहीं कहता उन विषयों से सम्बन्ध रखनेवाले व्यक्तियों से ही कहला देता है। ऐसे काव्यों को प्रत्यक्ष देखने ही से आनन्द प्राप्त होता है। जैसे नाटक, प्रहसन इत्यादि। इन दृश्य काव्यों का दूसरा नाम नाटक वा रूपक है।

यह बात तो निर्विवाद है कि भारतवर्ष में नाटक और नाट्यकला बहुत प्राचीन समय से प्रचलित है। मुसलमानों के समय में यह कला प्रायः गुप्त सी हो गई थी। जिस समय ईरान, अरबिस्तान आदि देशों में नाटक या नाट्यकला का ज्ञान भी नहीं था उस समय भारतवर्ष में उसका अत्यधिक प्रचार था। इससे यह निश्चय है कि हमारे नाट्यशास्त्र की उत्पत्ति स्वतंत्र है।

नाटक के समय और विदेशियों की सम्मति।

प्राचीन समय में भारतवर्ष की भाषा संस्कृत थी। यदि हम प्राचीन से प्राचीन नाटकों का पता

लगाएं तो हमें मृच्छकटिक, कालिदास के शाकुन्तल और भवभूति के उत्तर-रामचरित इत्यादि नाटक मिलेंगे। उपर्युक्त नाटकों के लेखक प्रथम से दसवीं शताब्दी तक में भारतवर्ष में उत्पन्न हुए और अपने परिश्रम से संस्कृत भाषा के नाटक लिख कर भारत-साहित्य का मुखोज्ज्वल कर गए। इसके बाद चौदहवीं शताब्दी तक के समय को नाटक का द्वितीय काल समझना चाहिए। इस समय में चन्द्रोदय, रत्नावली, नागानन्द, और मुद्राराक्षस इत्यादि नाटक लिखे गए हैं। भारतवर्षीय राष्ट्रभाषा हिन्दी के ख़याल से राजा लक्ष्मणसिंह और भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र का समय अथवा १९ वीं शताब्दी का समय नाटक का तृतीय काल है। इसके प्रथम कि हम नाटकों के विषय में कुछ लिखें, अन्यान्य विदेशी विद्वानों की सम्मतियाँ इसकी महत्ता सूचित करने के लिये लिख देना उचित समझते हैं। मेनचेस्टर ओवन कालेज के प्रोफ़ेसर वार्ड साहब का मत है कि:—

Thus clothing itself in a diction always tropical in which the prose is the warp and the verse the woof, in which words become allusions, allusions similes and similes metaphors, the Indian drama essentially depended on its literary qualities, and upon the familiar sanctity of its favourite themes for such effect as it was able to produce.

यह सब तो नाटक और उसकी रचना के सम्बन्ध में लिखा गया किन्तु उस समय की रंगभूमि का कोई विशेष वर्णन नहीं दिया है। परन्तु इस में सन्देह नहीं कि उस समय के पात्र वर्तमान समय के पात्रों से विशेष कार्यकुशल एवं सुशिक्षित थे। प्राचीन समय में स्त्रियों का कार्य स्त्रियाँ ही सम्पादन करती थीं। British Encyclopædia Drama नामक पुस्तक में उपर्युक्त विषय का प्रमाण दिया हुआ है। उसके लेखक लिखते हैं कि

The minister of arts practised under such condition cannot but be regarded with re-

spect. Companies of actors seem to have been common in India at an early date and the inductions show the players to have been regarded as respectable members of society. In later if not earlier times individual actors enjoyed a wide-spread reputation. The directors were usually Brahmins."

प्राचीन नाटकों की कविता के विषय में उपर्युक्त लेखक का मत है—

The distinctive excellence of the Indian Drama is to be sought in the poetic robe which envelopes it as flowers over-spread the bosom of the earth in the season of spring. In its nobler production at least it is never untrue to its half religious, half moral origin; it weaves the wreaths of the fancies in an unbroken chain, adding to its favourite familiar blossoms ever fresh beauties from an inexhaustible garden. Nor is it unequal to depicting grand aspect of nature in her mighty forests and the shores of the ocean. The poetic beauty of the Indian drama reveals itself in the mystrious charm of its outline, if not in its full glow, even to the untrained, nor the study of it, for which materials may yet increase, be left aside by any nobler literature."

ऐसी ऊँची ऊँची भावनाओं के नाटक, ऐसे भावक, विद्वान् पात्र और ऐसी कवित्वमय रचना-शैली से हमारा इस प्रकार का अधःपतन हुआ है यह देख किस साहित्य-प्रेमी को दुःख न होगा। अपने पूर्व पुरुषों की उन्नत अवस्था पर आनन्दित और गर्वित हो हम लोगों को संतोष न करना चाहिए, वरन् वर्त्तमान समय के नाटकों की शोचनीय अवस्था पर विचार कर हम लोगों को अपनी कुप्रथाओं का निवारण कर उन्नति की चेष्टा करनी चाहिए। अतः सबसे प्रथम हमें वर्त्तमान समय के नाटक और रंग भूमि पर विचार करना उचित है।

रचनाशैली—नाटक साहित्य के अन्तर्गत है। यद्यपि वर्त्तमान समय में साहित्य की उन्नति की बहुत कुछ चेष्टाएं की जा रही हैं तथापि संगीत, नाट्य, शिल्प, चित्र एवं कविता आदि की दशा अभी तक शोचनीय ही है। हर्ष का विषय है कि विद्वानों का ध्यान अब कविता की ओर विशेष आकर्षित हुआ है और आशा है कि थोड़े ही समय में यह भाग उच्चश्रेणी में परिगणित हो सकेगा। नाटक लिखने तथा अभिनय करने का भी अंकुर रसिकों के चित्त में जम गया है परन्तु गूढ़ तत्त्वों की ओर अभिरुचि न होने के कारण इस कला की अभी तक वास्तविक उन्नति नहीं हो रही है। इस संसार में जितने मनुष्य हैं सबकी प्रकृति भिन्न भिन्न है। एक का स्वभाव, एक का जीवन, एक का चरित्र दूसरे से पृथक् है। इन सब चरित्रों का वर्णन उपन्यास वा नाटक द्वारा किया जाता है। पुस्तकों के पढ़ने की अपेक्षा प्रत्यक्ष दृश्यों के देखने से मानव-जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इन दृश्यों को जनसमूह के सन्मुख उपस्थित करना ही नाट्य कला है। नाटक की सफलता उसकी रचना पर अधिक निर्भर है क्योंकि संगीत और नाट्य कला दोनों परस्पर आश्रित हैं और ये दोनों कलाएं कवि और उसकी रचना-शक्ति पर ही निर्भर करती हैं। कविता उच्चश्रेणी की एवं प्रभावशालिनी हो तो संगीत अवश्य रुचिकर होगा; इसी प्रकार यदि नाटक उत्तमता से लिखा गया हो तो उसका अभिनय भी सफलता-पूर्वक और प्रभावशाली होगा। जैसे संगीत कला में गीत नीरस, अर्थहीन और अप्रिय हो—यथा "तुही मेरी नानी, तुही मेरी मामी, तुही मेरी अम्मा खालाजान"—आदि तो साक्षात् गन्धर्वराज और तानसेन भी उसे उत्तमता से गा नहीं सकते। इसी तरह यदि नाटक की रचनाशैली उत्तम न हो, कविता भी शुष्क ही हो, दृश्य भी निरर्थक हों (जैसे काशी का दृश्य दिखलाने के समय इङ्गलैण्ड के राजमहल का पर्दा दिखलाना), आख्यान (प्लाट) भी प्रभावशून्य और रसहीन हो तो कैसे ही कार्य-कुशल पात्रगण क्यों न हों नाटक में स्वप्न में भी सफलता नहीं प्राप्त हो सकती। इन सब बातों का

विचार करने से और हिन्दी भाषा में नाटकों की अवस्था देखने से सिद्ध होता है कि आजकल के नाटकों और अभिनय-मंडलियों की दशा अतीव खेदजनक है। हिन्दी में मूल नाटकों के कर्त्ता—

श्रीभारतेन्दुजी—यद्यपि भारतेन्दुजी के पूर्व हिन्दी भाषा में पं० लक्ष्मीरामजी ने "करुणाभरण नाटक"—जिसका उल्लेख Manuscript Report में है—और महाराज श्रीविश्वनाथसिंह ने "आनन्दरघुनन्दन नाटक" लिखा था तथापि हिन्दी भाषा के नाटकों का इतिहास राजा लक्ष्मणसिंह और श्री भारतेन्दु हरिश्चन्द्रजी के समय से ही प्रारम्भ होता है। वास्तव में भारतेन्दुजी नाटकों के प्रारम्भकर्त्ता थे। हिन्दी-साहित्य में नाटकों के दो भाग हैं, एक तो मूल और दूसरे भाषान्तर से अनुवाद किए हुए। हिन्दी भाषा में जितने नाटक प्रकाशित हुए हैं उनका अधिक अंश अनुवाद ही है। मूल नाटक लिखनेवालों में श्रीहरिश्चन्द्रजी का नम्बर सबसे पहला है। इनके नाटक सबसे उत्तम और उच्चश्रेणी के हैं। भारतेन्दुजी ने जितने नाटक अपनी कल्पना से लिखे हैं उनमें चन्द्रावली, सत्य हरिश्चन्द्र का कुछ भाग, नीलदेवी, प्रेमयोगिनी, सतीप्रताप, भारतदुर्दशा, अन्धेरनगरी, विषस्यविषमौषधम्, और वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति मुख्य हैं। जैसी उच्च कल्पना, सौन्दर्यमयी भाषा, चित्ताकर्षिणी कविता और उत्तम शिक्षादायक शास्त्रोक्त रचनाशैली श्रीभारतेन्दुजी के नाटकों में पाई जाती है वैसी हिन्दी-संसार के किसी नाटक में भी नहीं प्राप्त होती। उदाहरण के लिए "सत्य हरिश्चन्द्र" लीजिए। यद्यपि यह चण्डकौशिक के आधार पर [या उसके बँगला छायानुवाद के आधार पर? सं०] बना है तथापि उत्तमता में मूल से कम नहीं है। आज तक मैंने जितने नाटक देखे हैं उनमें यह सर्वोत्तम है। इन्द्र के दरबार में नारद मुनि का सज्जन पुरुषों के लक्षण कहना बड़ा ही शिक्षादायक है। लेखक ने हरिश्चन्द्र की सत्यप्रियता, गंगातट-वर्णन, श्मशान-वर्णन और शैव्या का विलाप ऐसी उत्तमता से लिखा है मानो वे स्वयं राजा हरिश्चन्द्र ही हों, पढ़ते पढ़ते प्रत्यक्ष दृश्य ही सम्मुख उपस्थित हो जाता है। मृत शरीर को देख हरिश्चन्द्र ने संसार की अनित्यता का जो वर्णन किया है वह बहुत उपयुक्त है। शैव्या का विलाप देख किस वज्रहृदय का चित्त न पसीजेगा? देवी के प्रसन्न होने पर भी हरिश्चन्द्र का अपने स्वामी का भला चाहना, पुत्रशोक उपस्थित होने पर भी धीरज न छोड़ना और अपना कर्त्तव्य पालन करना, साक्षात् स्त्री को अपने पुत्र का दाह कर्म न करने देना और उसके बराबर समझाने पर भी हरिश्चन्द्र का यही कहना कि "आध गज़ कपड़े के लिए मेरा सत्य न छुड़ाओ" कैसा धीरतायुक्त प्रशंसनीय, हृदय-विदारक और शिक्षादायक है। "चन्द्रावली" भी ऐसी ही है। यह प्रेम रसपूर्ण नाटिका है। इसमें आदि से अन्त तक प्रेम ही प्रेम है। इसमें नारद, चन्द्रावली के प्रेम छिपाने और योगिनी के वर्णन बड़े ही चित्ताकर्षक हैं। जिस प्रकार हरिश्चन्द्र में गंगा-वर्णन है उसी तरह इसमें यमुना-वर्णन है। वर्णन तो ऐसे उत्तम हैं मानो पाठक स्वयं नदी के तट पर उपस्थित होकर वह दृश्य ही देख रहा हो। नीलदेवी भी कुछ कम नहीं है। यवनों की बातचीत शुद्ध उर्दू भाषा में बहुत ही समयानुसार लिखी गई है। कवि ने क्षत्रियों का वीरत्व सन्मुख उपस्थित कर दिया है, पागल का पार्ट तो ऐसा उत्तम लिखा गया है मानों प्रत्यक्ष आगे उपस्थित है। इससे मालूम होता है कि लेखक को पागलपने तक का पूर्ण अनुभव था। भारतवर्ष की वास्तविक स्थिति और इसकी अवनति के प्रधान प्रधान कारण दिखलानेवाला यदि कोई नाटक हिन्दी भाषा में है तो "भारतदुर्दशा" है। छः सभ्यों की एक सभा में दिखलाया गया है कि किस प्रान्त में कैसी हिन्दी बोली जाती है और किस प्रान्त के कैसे विचार हैं। "प्रेमयोगिनी" में लेखक ने स्वयं वल्लभीय सम्प्रदाय के अनुयायी हो कर उसकी कुरीतियों और गोस्वामियों के निन्दनीय आचरणों की निन्दा की है। यदि किसी को काशी

के कृष्णमन्दिरों, गैबी, पण्डों, बदमाशों और गुण्डों का हाल जानना हो तो उसे इस नाटक को एक बार अवश्य देखना चाहिए। भारतेन्दु जी की प्रख्यात विद्या-रसिकता और उदारता से काशी के कई सज्जन जलते थे। इस नाटक में भारतेन्दु जी ने अपनी निन्दा स्वयं कर यह दिखला दिया है कि इनके प्रति लोगों के विचार कैसे थे। यह काम सामान्य नहीं है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि भारतेन्दु जी हिन्दी-भाषा और विशेषतः नाटकों के सम्बन्ध में अद्वितीय कार्य्य कर गए।

लाला श्रीनिवासदास—

लाला श्रीनिवासदास जी के भी इसी समय के दो नाटक मुख्य हैं (१) संयोगता स्वयम्बर और (२) रणधीर प्रेममोहिनी। यद्यपि इनकी रचना-शैली ऐसी उत्तम तो नहीं है जैसी कि भारतेन्दु जी की; तथापि लालाजी ने ये नाटक ऐसे समय में लिखे हैं जब कि हिन्दी-क्षेत्र में नाटकों का बीजारोपण आरम्भ हुआ था, इस लिये आप धन्यवाद के भागी अवश्य हैं। स्वतंत्र और उत्तम नाटकों के लेखकों में इनके बाद बाबू राधाकृष्णदास का नम्बर है। आपको जन्म ही से भारतेन्दु जी की शिक्षा और उनके सत्संग का सौभाग्य प्राप्त था। अतः इनकी भाषा और रचनाशैली कई अंशों में भारतेन्दु जी से मिलती जुलती है। इसका उदाहरण भारतेन्दु जी कृत "सती प्रताप" है। इस अपूर्ण नाटक की पूर्ति बाबू राधाकृष्णदास ने की है परन्तु न तो उसमें कहीं विशेष भेद ही दृष्टिगोचर होता है और न कहीं उसका स्वरूप ही बिगड़ने पाया है। इनके स्वरचित नाटकों में राजस्थानकेशरी या महाराणा प्रतापसिंह और महारानी पद्मावती मुख्य हैं। इनकी गणना अभिनय योग्य नाटकों में सर्वोत्तम है। पहले नाटक में एक गुण यह भी है कि हल्दी घाटी के युद्ध की छोटी से छोटी घटनाओं का भी उसमें समावेश है। प्रतापसिंह का स्वदेशप्रेम, मानसिंह का क्रोध, अकबर का पृथ्वीराज की रानी पर आसक्त होना, परन्तु रानी के क्रुद्ध होने पर अकबर का माफ़ी मांगना, सक्ता जी का भ्रातृप्रेम, अकबर का हिन्दुओं के प्रति विश्वास और वीरों का आदर आदि बहुत उपयुक्त और चित्ताकर्षक है। मानसिंह के गर्वपूर्ण वाक्य सुन और स्वयं उसे मूँछों पर हाथ फेरता हुआ देख राणा का यह कहना कि "सुनो सुनो महाराजा मानसिंह—

जिन कुल की मरजाद लोभ-बस दूर बहाई।
जीवन में जिन खोय दई आपनी बड़ाई॥
जिन जग सुख हित करी जाति की जगत हँसाई।
लखि जिनको मुख वीर रहे शिर सबै नवाई॥
तिनके संग खानो कहा मुख देखतहू पाप है।
जाहि शील अरु धर्म हित यह सिसोदिया थाप है॥"

कैसा शिक्षाप्रद है। प्रतापसिंह को युद्ध में जाते हुए देख बालक राजकुमार का अपनी माता के प्रति कहना कि "माँ! दलवाल जवनों का छिकाल खेलने जांयगे......भाई अब तो छहजादा को मालेंगे......इत्यादि बहुत रोचक, हृदयग्राही और वीरतादर्शक है। महारानी पद्मावती भी ऐसा ही वीर-रस युक्त प्रभावशाली एवं ओजस्वी नाटक है। कई जगह रोमाञ्च और क्रोध हो आता है। इस नाटक के बनने के पूर्व बाबू उदितनारायणलाल वर्म्मा ने अश्रुमती नाटक का अनुवाद किया था। इसमें लेखक ने प्रतापसिंह की पुत्री "अश्रुमती" का शाहज़ादा सुलेमान के प्रति प्रेम करना बहुत ही अनुचित एवं निन्दनीय रीति से वर्णन किया है। जिस समय यह नाटक लिखा गया था हिन्दी-संसार में घोर आन्दोलन उठा था और इसकी कुल प्रतियाँ जल में डुबा दी गई थीं तथापि इसकी कुछ प्रतियाँ कहीं कहीं देख पड़ती हैं। इसी प्रेमवार्ता को बाबू राधाकृष्णदासजी ने गुलाबसिंह और मालती की प्रेममयी वार्ता में बड़ी ही उत्तमता से परिवर्तित कर दिया है। मिर्ज़ापुर निवासी पंडित बदरीनारायणजी चौधरी का लिखा हुआ "भारत-सौभाग्य" नामक एक नाटक महारानी विक्टोरिया की जुबिली के समय का है परन्तु उसके अभिनय में १२५ पात्रों की आवश्यकता है! १०० पृष्ठ की पुस्तक में से

चार पृष्ठ ते पात्रों की तालिका से ही भरे हुए हैं। इसी प्रकार मूल नाटकों में और भी छोटे बड़े कई नाटक हैं परन्तु वे उल्लेख योग्य नहीं हैं। अभिनय के योग्य ते भारतेन्दुजी के भी कई नाटक नहीं हैं क्योंकि एक ते वे छोटे हैं दूसरे उनके दृश्यों के स्टेज पर दिखलाने में भी बहुत अड़चन पड़ती है। परन्तु इसमें भारतेन्दुजी का दोष नहीं है। वर्तमान समय के ढंग की "अभिनय मंडलियाँ" उस समय नहीं थीं इस कारण रंगभूमि का पूरा पूरा अनुमान उन लेखकों को न था। पर ते भी साहित्य के विचार से भारतेन्दुजी के नाटक रत्न हैं। इस प्रकार देखने से स्पष्ट सिद्ध होता है कि हिन्दी भाषा में मूल नाटकों की दशा बहुत ही शोचनीय है।

(२) अनुवाद—जिस प्रकार मूल नाटकों की दशा खेदजनक है उसी प्रकार अन्यान्य भाषाओं से अनुवादित नाटकों की दशा भी शोचनीय ही है। अनुवाद करना कुछ सामान्य बात नहीं है। इसमें भी कुछ मस्तिष्क की आवश्यकता होती है। हिन्दी भाषा में जिन नाटकों का अनुवाद हुआ है उनमें ऐसे नाटक बहुत कम हैं जिन्हें यथार्थ "अनुवाद" कह सकें। गद्य का गद्य में, एवं पद्य का पद्य में मूललेखक का यथार्थ भाव प्रगट करते हुए जो अनुवाद होता है उसे यथार्थ अनुवाद कहना चाहिए। बिना पूर्व कवि का पूरा भाव समझे अनुवाद करना केवल समय और परिश्रम नष्ट करना है। इन सब बातों का विचार करने से विदित होता है कि अनुवादक श्रेणी में भी भारतेन्दुजी की गणना प्रथम है। आपने मुद्राराक्षस, धनञ्जयविजय, कर्पूरमंजरी, रत्नावली, विद्यासुन्दर, भारतजननी, दुर्लभबन्धु, आदि कई संस्कृत, बँगला और अँग्रज़ी नाटकों के अनुवाद किये हैं। यद्यपि आपसे भी पहले आपके पिता बाबू गिरधरदासजी (उपनाम बाबू गोपालचन्द्रजी) ने नहुष नाटक तथा राजा लक्ष्मणसिंहजी ने शकुंतला नाटक का संस्कृत भाषा से हिन्दी में अनुवाद किया था; तथापि साहित्यभांडार की पूर्ति के ख़याल से भारतेन्दुजी का आसन ऊँचा है। उपर्युक्त राजा साहब ने शकुन्तला नाटक का अनुवाद बड़ी ही मनोहर सरल भाषा में किया था। इस में कोई सन्देह नहीं कि आपको इस कार्य में पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

विद्यासुन्दर का अनुवाद बाबू हरिश्चन्द्रजी ने १८ वर्ष की अवस्था में किया था परंतु इसकी भाषा ऐसी सरल और छन्द ऐसे मनोहर हैं कि प्रशंसा किये बिना नहीं रहा जाता। इसी प्रकार धनञ्जयविजय, भारतजननी, दुर्लभबन्धु आदि के अनुवाद इतने उत्तम हुए हैं कि वे किसी स्वतंत्र ग्रन्थ से किसी बात में कम आनन्ददायक नहीं हैं। मुद्राराक्षस का भी बहुत उत्तम अनुवाद हुआ है और कई वर्ष तक मेट्रीकुलेशन आदि के कोर्स में था। उदाहरण के लिये प्रथम ही श्लोक और उसका अनुवाद लीजिए।

मूल श्लोक—

"धन्याकेयं स्थिता ते शिरसि, "शशिकला" किन्नुनामैतदस्याः
'नामैवास्यास्तदेतत् परिचितमपि ते विस्मृतं कस्य हेतोः।
'नारीं पृच्छामि नेन्दुं' कथयतु विजयानप्रमाणं महीन्दु
र्देव्यानिन्होतु मिच्छोरिति सुरसरितं शाठ्य मव्याद्विभोर्वः ॥ १ ॥

अक्षरशः अनुवाद—

"कौन है शीश पै?" 'चन्द्रकला' कहा याको है
नाम यही त्रिपुरारी?।
हां यही नाम है भूल गई किमि जानत हौ
तुम प्रान पियारी॥
नारिहिं पूछत चन्द्रहिं नाहिं कहै विजया
यदि चन्द्रलबारी।
यों गिरिजै छलि गंग छिपावत ईश हरौ
सब पीर तुम्हारी ॥ १ ॥

कैसा शुद्ध, सच्चा और प्रशंसनीय अनुवाद है! इंगलैंड के कविवर शेक्सपियर के नाटकों का अनुवाद करना सामान्य काम नहीं है। परन्तु जैसा अनुवाद (Merchant of Venice) मरचेण्ट आफ़ वेनिस का श्री भारतेन्दुजी ने किया है वैसा कम देखने में आता है। इसी नाटक का एक अनुवाद "आर्य" नामक सज्जन ने और दूसरा पण्डित गोपीनाथजी

एम० ए० ने किया है परन्तु इनमें बहुत कुछ अन्तर है। उदाहरण के लिये कुछ वाक्य उद्धृत करता हूँ। पाठकगण उत्तमता स्वयं विचार लें।

"आर्य"—सं०१८८७

शैलाक्ष—"हे महाशय, मैंने आपसे निवेदन किया है और पवित्र विश्राम की प्रतिज्ञा की है कि अपना मूल धन और उस नियम के अनुसार चलूँगा, यदि आप उसको स्वीकार न करें तो तुम्हारा शासनपत्र और पौरजनाधिकार दुःखित होय। यदि आप मुझसे पूछेंगे कि क्यों मैंने एक टुकड़ा सड़ी मांस तीन सहस्र डुकेट्स की अपेक्षा स्वीकार करता हूँ, मैं इसका उत्तर न देऊँगा परन्तु जानो कि यह मेरे विचार में आया है क्या इससे उत्तर मिला? यदि मेरा गृह मूसा से उपद्रवित होय और उसको विषद्वारा नाश करने को दस सहस्र डुकेट्स देना स्वीकार करें तो क्या? अभी तक आपने उत्तर नहीं पाया। किसी मनुष्य को शूकर शावक का करकस शब्द अप्रिय है और दूसरा ऐसा है जो बिड़ाल को देखते ही पागल के समान वर्तता है। स्वभाव ही विधि और निषेध की ओर झुकाता है अब इस पर तुम्हारा उत्तर जैसे इस विषय में उत्तर देने को कोई योग्य हेतु नहीं है कि क्यों एक मनुष्य को शूकर शावक का शब्द अप्रिय लगता है और दूसरे को अनपकारी बिल्ली का। ऐसे ही मैं कारण नहीं कह सकता और न कहूँगा, केवल वही कारण कह सकता हूँ कि आटोनियो से विभवोत्पादक द्वेष रखता हूँ यह मेरी विज्ञापन निष्फल होय तथापि मैं उसका पीछा करूँगा क्या आपको उत्तर मिला?" इसी कथन को जो यहाँ कदाचित् कठिनाई से भी समझ में नहीं आता, भारतेन्दुजी ने ऐसे मधुर शब्दों में लिखा है जो मूल से कमरोचक नहीं है।

भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्रजी का अनुवाद किया हुआ यही अंश इस प्रकार है,—

"शैलाक्ष—महाराज को अपने उद्देश्य से सूचित कर चुका हूँ और मैंने अपने पवित्र दिन रविवार की शपथ खाई है कि जो कुछ मेरा दस्तावेज़ अनुसार चाहिए वह भग्न-प्रतिज्ञ होने के दण्ड सहित लूँगा। यदि महाराज उसको दिलवाना अनंगीकार करें तो इसका अपवाद महाराज के न्याय और महाराज के नगर की स्वतंत्रता के सिर पर। महाराज मुझसे यही न पूछते हैं कि मैं इतना मृत मांस ६ छःहज़ार रुपयों के बदले लेकर क्या करूँगा। इसका उत्तर मैं यही देता हूँ कि मेरे मन की प्रसन्नता, बस अब महाराज को उत्तर मिला? यदि मेरे घर में किसी घूंस ने बहुत सिर उठा रक्खा हो और मैं उसके नष्ट करने के लिए बीस सहस्र मुद्रा व्यय कर डालूँ तो मुझे कौन रोक सकता है? अब भी महाराज ने उत्तर पाया या नहीं। कितने लोगों को सूअर के मांस से घृणा होती है; कितने ऐसे हैं कि बिल्ली को देख कर आपे से बाहर हो जाते हैं तो अब आप मुझसे उत्तर लीजिए कि जैसे इन बातों का मूल कारण नहीं कहा जा सकता कि वह सूअर के मांस से क्यों दूर भागते हैं और यह बिल्ली सदृश दीन और सुखदायक जन्तु से क्यों इतना घबराते हैं वैसे ही मैं भी इसका कोई कारण नहीं कह सकता और न कहूँगा सिवाय इसके कि मेरे और उसके पुरानी शत्रुता चली आती है और मुझे उसके स्वरूप से घृणा है जिसके कारण से मैं एक ऐसे विषय का जिसमें मेरा इतना घाटा है उद्योग करता हूँ। कहिए अब तो उत्तर मिला?" यह बहुत ही स्पष्ट, रोचक और मनोहर अनुवाद है। अनुवाद के माने यही हैं कि जो लोग मूल पुस्तक नहीं पढ़ सकते उन्हें भली भाँति समझ में आ जाय और उसका यथेष्ट प्रभाव पड़े। जिस नाटकाचार्य शेक्सपियर के एक नाटक का यह अनुवाद है उसके और उसके और कई नाटकों के भी अनुवाद हो गए हैं परन्तु जैसा रोचक अनुवाद भारतेन्दुजी का हुआ है वैसा एक भी नहीं है। श्रीयुत पुरोहित गोपीनाथ जी एम० ए० को कोटिशः धन्यवाद है जिन्होंने इनके नाटकों का अनुवाद किया है। यद्यपि अनुवाद अधिक सरस है नहीं तथापि आपका परिश्रम सराहनीय है।

आपके अनुवाद के उदाहरण के लिए (Romeo and Juliet) "प्रेमलीला" को लीजिए।

बैनवोलियो—आवो, उसने अपने को उन वृक्षों में छिपा लिया है कि वह इस शीतल रात्रि के साथ सहवास कर सके। उसकी प्रणय दृष्टि-हीन है और इसलिए वह सब प्रकार से अन्धकार के ही योग्य है।

मरकुटियो—प्रणय यदि अन्ध होता तो लक्ष्य का भेद कदापि नहीं कर सकता। अब वह मेडलर जाति के वृक्ष के तले बैठ कर यह इच्छा करेगा कि उसकी प्रेम-पात्री वह फल दे कि जिसको कुमारियाँ अपने एकान्त हास्य के समय मेडलर के नाम से कहा करती हैं। हे रोमियो! मैं चाहता हूँ कि वह इत्यादि इत्यादि होती और तू पपैरिक देश का पीग्रर नाम फल होता।—

रोमियो—स्वस्ति।

आपके सब अनुवाद इसी प्रकार के हैं। इनकी रोचकता आदि का पाठकगण स्वयं निर्णय कर लें, परन्तु इस में कोई सन्देह नहीं कि आपके अनुवाद शुद्ध हैं। पूज्य श्रीबदरीनारायण चौधरीजी के भ्राता पण्डित मथुराप्रसाद बी० ए० ने इसी महाकवि के "मेकबेथ" नामक नाटक का हिन्दी में अनुवाद किया है। "बी० ए० की विकट परीक्षा देने के उपरान्त" आप इस विचार में पड़े कि इस कठिन परिश्रम के पश्चात् ऐसा कौन कृत्य छेड़ें जो विश्राम और मनोविनोद के संग समय सार्थकारी हो—यही समझ कर आपने इसमें हाथ लगाया। उदाहरण के लिए इसके दो पद्य काफी होंगेः—

१ डाइन—अरी बहिन तू रही कहाँ।
२—शूकर मारत रही यहाँ।
३—तू अपनी कह रही जहाँ।
हुई बात क्या और तहाँ?।
१ डाइन—पूग लिए मल्लाहिन अङ्क कूंच कूंच खाती थी निसङ्क मैं बोली मुझको भी दो "देव कृपा से दूर तू हो।"

हाँ, काशी की "ग्रन्थ-प्रकाशक समिति" ने हेम्लेट का जो अनुवाद जयंत के नाम से किया है वह इन सबों से उत्तम है। अनुवाद तो और भी कई हुए हैं परन्तु उनमें रोचकता कम है। जिस प्रकार अँग्रेज़ी भाषा के कई नाटकों के अनुवाद हुए हैं उसी प्रकार से मातृभाषा संस्कृत के भी नाटकों के कई अनुवाद हो चुके हैं। संस्कृत भाषा में भवभूति के समान और कोई नाटककार नहीं हुआ। जिस तरह अँग्रेज़ी भाषा में शेक्सपियर थे उसी प्रकार संस्कृत-साहित्य के लिए महात्मा भवभूति थे। संस्कृत साहित्य में महाकवि कालिदासजी की "शकुन्तला" और महात्मा भवभूति के उत्तरराम-चरित से बढ़ कर कोई नाटक नहीं है। उत्तरराम-चरित्र के भी कई अनुवाद हुए हैं परन्तु शुद्ध एवं सर्वांग सुन्दर कदाचित् ही कोई हो। अभी तक इसके जितने अनुवाद हुए हैं उनके नाम और क्रम यों हैः—

१ पण्डित देवदत्त तिवारी कृत सन् १८७४ कुल गद्य
२ पण्डित नन्दलाल दुबे „ „ १८८७ गद्य-पद्य
३ श्रीयुत बाबू सीताराम बी० ए०„ १९०० „ „
४ „ „ पं० हरि मंगल मिश्र एम० ए० „ १९१२ „
५ „ „ पं० सत्यनारायणजी।

कौन अनुवाद कहाँ तक शुद्ध और रोचक है यह दिखलाने के लिए मैं हर एक का एक एक वाक्य उद्धृत करता हूँ—पाठकगण स्वयं उनकी उत्तमता विचार लेवें।

पण्डित देवदत्त तिवारी—

राम——हे देविजी इन दिव्य अस्त्रों को प्रणाम करो।

पण्डित नन्दलाल जी—कौशिल्या लव से पूछती हैं—

गद्य—कौशिल्या—तेरो भाई कहँ बेटा?
लव—हां माता। आर्य कुश नाम को।
कौशिल्या—यह बड़ो होय ऐसो तेरे कहे ते जान पड़त है।
लव—हां केवल प्रसव क्रम से वह कुछ बड़ा है।
जनक—तो क्या तुम दोनों युग्मज हो। इस

तरह गद्यांश ब्रजभाषा एवं खड़ी बोली में मिला हुआ है अब पद्य भी देखिए।

पद्य—स्मरसि सुतनु याही शैल पै लक्ष्मण ने।
करि अपनऽलि सेवा दिन्न जाते न जाने॥
स्मरसि! पुनि सुरम्ये तीर गोदावरी के।
बिहरि निकटकाटे सुक्खते दिन्न जाके॥१॥

लाला सीताराम जी—(रामचन्द्र जी से लक्ष्मण कहते हैं)

गद्य—ल०—दादा की जय हो! दादा चितेरे ने हम लोगों के कहने से भीतियों पर आपका चरित उतारा है उसे आप देख लीजिए।

तथा—

बरुए—(बालक गण)।
पीछे है पूछ बड़ी लटकाए,
सो बारहि बार हिलावत है।
चारहि हैं खुर वाके गला,
अति लांबो सो मूड़ उठावत है।
खात है घास और आम बराबर,
लीद तुरंग गिरावत है।
आगें चलैं तेहि देख सखा,
न भजै अति वेग सों धावत है।

श्रीयुत पण्डित हरिमंगल मिश्र जी—

पण्डित जी का अनुवाद सर्वोत्तम होने पर भी गँवारू भाषा में है। लक्ष्मण जी सीता जी को "भौजी" और सीता जी लक्ष्मण को "बबुआ" कह कर संबोधन करती हैं। यह युक्तिसंगत नहीं प्रतीत होता।

अब पद्य का भी नमूना लीजियेः—

बूढ़ चरित्र को करइ विचारा।
नहिं कुमार यह काज हमारा॥

पं० सत्यनारायणजी का अनुवाद बहुत रोचक है। इस प्रकार मिलान करने पर विदित होता है कि यद्यपि इस नाटक के कई अनुवाद हुए परन्तु एक भी अनुवाद उल्लेखनीय नहीं हुआ।

लाला सीताराम जी और पंडित नन्दलाल जी ने और भी कई संस्कृत नाटकों के अनुवाद किये हैं परन्तु यह भी वैसे ही हैं। संस्कृत और अंग्रेज़ी के बाद हिन्दी भाषा में कितने ही नाटक दूसरी दूसरी भाषाओं से भी अनुवादित हुए हैं। जैसे बँगला, मराठी, उर्दू आदि। इनमें जो नाटक बंगला और मराठी से अनुवादित हैं वे स्टेज पर खेलने योग्य एवं प्रभावोत्पादक हैं परन्तु जो नाटक पारसियों के उर्दू नाटकों के अनुवाद हैं वे एक तो नाट्यशास्त्र के नियमों के विरुद्ध हैं दूसरे अशुद्ध एवं अरुचिकर हैं। उदाहरण के लिए बाबू आनन्दप्रसाद खत्री का "कलियुग" नाटक देखिए। यद्यपि बाबू साहब अपने को स्वतंत्र लेखक लिखते हैं तथापि वास्तव में आपने उर्दू के "सफ़ेद ख़ून" का अनुवाद मात्र किया है। हां कहीं कहीं कुछ अदल बदल और तोड़ मरोड़ अवश्य किया है। यह दुर्गुण और भी कितने ही लेखकों में पाया जाता है। इस पुस्तक के लिखने में भारतेन्दुजी कृत अनेक नाटकों से अनेक वाक्य ज्यों के त्यों ले लिए गए हैं।

समर्पण में एक स्थान पर आप लिखते हैं—"यह एक नया कौतुक देखो। तुम्हारे सत्यपथ पर चलनेवाले को कितना कष्ट होता है यही इसमें दिखाया है"। भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र जी ने "सत्य-हरिश्चन्द्र" के समर्पण में अक्षरशः यही वाक्य लिखे हैं पृष्ठ सं० ८ में आप यह लिखते हैंः—

"चन्द्र टरै सूरज टरै टरै पृथ्वी आकाश।
पै मेरो यह दृढ़ बचन कबहुं न होत विनाश॥

यह सत्यहरिश्चन्द्र के इस दोहे को तोड़ मरोड़ कर लिखा गया है।

"चन्द्र टरै सूरज टरै टरै जगत व्यवहार।
पै दृढ़ श्री हरिचन्द को टरै न सत्य विचार"॥

जो अंश उर्दू का हिन्दी लिपि में लिख लिया गया है और जिसे आप स्वरचित बतलाते हैं वह पारसी थियेटरवालों के ढंग पर है। यह किसी काम का नहीं है।

आपकी अपूर्व कवित्व शक्ति का भी नमूना लीजिएः—

गाना—पृष्ठ—२३

न्यारी अकड़ फबन से मैं चलूँ
सारे गाँव का राय बहादुर बनूं
आगे पीछे सिपाही दो चार रखूँ
तनिक छाती को खू.ब निकाल चलूँ
देखो मेरा सन्मान ग्रौर प्रतिष्ठा

वाह ! कैसी अच्छी कविता ग्रौर भाषा है !

यह सब लिखने से मेरा नाटककार पर आक्षेप करने का तात्पर्य नहीं है; मेरा मतलब केवल यही दिखलाने का है कि वर्तमान समय में जो लोग नाटक लिखने ग्रौर अनुवाद करने लगे हैं उन्हें हिन्दी-भाषा ग्रौर गँवारू भाषा का पूर्ण ज्ञान नहीं होता। "कलियुग" नाटक महाकवि शेक्स-पियर के "किंग लियर" नामक नाटक का एक प्रकार से अनुवाद है। छोटे छोटे ६८ पेज के नाटक में मूल कवि के कहाँ तक भाव आए होंगे इसे पाठक गण स्वयं विचार लें। भाषा ग्रौर देवनागरी लिपि में कितने ही प्राचीन नाटक—जैसे सज्जाद सम्बुल, मदनमंजरी, सतीनाटक, प्रबोध-चन्द्रोदय, प्रेमविलास आदि—एवं अर्वाचीन याने वर्तमान समय के नाटक जैसे ऊषाहरण, सुभद्राहरण, वेणीसंहार इत्यादि हैं जिनमें से स्वर्गीय बाबू रामकृष्ण वर्म्मा के कई नाटक बहुत उत्तम हैं। तथापि राष्ट्र-भाषा के ख्याल से ग्रौर बँगला, मराठी, गुजराती भाषाग्रों के भांडारों के आगे इनकी गणना कुछ भी नहीं है। ग्रौर जो हैं उनमें ऐसे बहुत कम हैं जिनके अभिनय हो सकें। नाटक दृश्य काव्य है। इसकी रचना केवल इसी लिए होती है कि यह रङ्गमञ्च पर प्रत्यक्ष खेला जाय। जो नाटक खेले ही नहीं जा सकते उनके लिखने से क्या लाभ? परन्तु इसमें दोष हमारे पुराने लेखकों का नहीं है। इसमें समय का दोष है। उस समय हिन्दी नाटक मंडलियों के न होने से लेखकों को स्टेज (रंगमंच) का अनुभव न था। वे नहीं जानते थे कि किस दृश्य में कितनी देर लगने से उसके बादवाले दृश्य तैयार हो सकेंगे। राजदरबार ग्रौर युद्ध के पहले ग्रौर पीछे कितने बड़े ग्रौर कैसे दृश्य होने चाहिएँ, राजा अथवा पैदल सैनिकों को तैयार होकर आने में कितना समय लगता है इत्यादि इत्यादि बातों पर उनका ध्यान न था। यही कारण है कि कितने ही नाटकों के ठीक ठीक अभिनय नहीं हो सकते।

कोई कार्य करके फल की आशा करना प्रकृति का नियम है। पेड़ इसी लिए लगाए जाते हैं जिसमें कुछ फल हों। कोई कार्य ऐसा नहीं है जिसका अच्छा वा बुरा ग्रंत न हो। पुस्तकें इसी लिए लिखी जाती हैं जिनसे मनुष्य समाज को ज्ञान प्राप्त हो। नाटक इसी लिए रचे जाते हैं कि जिसमें उनका प्रत्यक्ष अभिनय हो। अभिनय इसी लिए किए जाते हैं कि जिसमें दर्शकों पर अच्छा प्रभाव पड़े। जिस नाटक का प्रभाव नहीं पड़ता वह नाटक नहीं। जिस नाटक से सदृशिक्षा न मिले उस नाटक की रचना ठीक नहीं। शिक्षा तभी प्राप्त हो सकती है जब नाटक प्रभावशाली हो। मानव-जीवन पर नाटकों का, कैसा एवं किस प्रकार से प्रभाव पड़ता है इस पर भी विचार करना आवश्यक है।

मानव जीवन पर नाटकों के प्रभाव।

मानव-जीवन के साथ शिक्षा का बड़ा ही घनिष्ट सम्बन्ध है। मनुष्य का कोई ग्रंश इससे खाली नहीं है। जन्म लेने के बादही जब उसे भूख मालूम होती है तब वह रोने लगता है; परन्तु जब माता अपना स्तन उसके मुख में दे देती है तब चुप होकर उसे चूसने लगता है। इस प्रकार विचार करने से मालूम होता है कि जीवन का कोई ग्रंश शिक्षा ग्रौर अनुभव से खाली नहीं है। इस संसार में आकर मनुष्य को जितने काम करने पड़ते हैं वे सब बड़े बड़े प्रसिद्ध तत्त्ववेत्ताग्रों के मत से पाँच भागों में बाँटे जा सकते हैं।

(१) वे काम जिनकी सहायता से मनुष्य अपनी प्राण-रक्षा प्रत्यक्ष रीति से कर सकता है।

(२) वे काम जो निर्वाह के लिए आवश्यक बातों को प्राप्त करा कर परोक्ष रीति से, मनुष्य की जीवन रक्षा में सहायता देते हैं।

(३) वे काम जो संतान के पालन, पोषण और शिक्षण आदि से सम्बन्ध रखते हैं।

(४) वे काम जिनकी जरूरत समाज, नीति और राजनीति की उचित व्यवस्था के लिए होती है।

(५) वे काम जिन्हें लोग और बातों से फुरसत पाने पर मनोरञ्जन के लिए करते हैं।

इन पाँचों का क्रम अपने अपने महत्व के अनुसार है। जो शिक्षा जिस श्रेणी के काम से सम्बन्ध रखती है उसे उतनी ही उच्च और उतने ही अधिक महत्व की समझना चाहिए। अब हमें यह देखना है कि नाटक से इन विभागों का कहाँ तक सम्बन्ध है क्योंकि इन्हीं विभागों पर मानव जीवन के सब कार्य निर्भर हैं—

(१) प्राण-रक्षा सम्बन्धिनी शिक्षा—

मानव जीवन के साथ चरित्र का बड़ाही घनिष्ट सम्बन्ध है। जिस मनुष्य के जैसे चरित्र होंगे वैसाही वह मनुष्य भी हो जायगा। जिस मनुष्य के चरित्र जितने अच्छे होंगे उतनी ही अच्छी वह अपनी रक्षा कर सकेगा। यदि कोई मनुष्य सत्यवक्ता, मधुरभाषी, नम्र एवं शीलवान् होगा तो उसका जीवन भी उत्तम और रक्षित होगा। उसके जीवन के उत्तम होने से उसके मित्र बान्धव आदि सभी को सुख प्राप्त होगा। उसका अनुकरण कर वे लोग भी सच्चरित्र बन सकेंगे। उनके चरित्र अच्छे होने से उनकी जाति की उन्नति होगी। उस जाति की उन्नति होने से उसके प्रान्त को लाभ होगा और उसके प्रान्त को लाभ होने से उसके देश का उपकार होगा। देश की उन्नति होने से उसके निवासी भाइयों को सुख प्राप्त होगा। संसार में सुख ही मुख्य वस्तु है। मनुष्य जितने काम करते हैं सब सुख प्राप्त होने के लिए ही करते हैं। अनेकानेक आपत्तियों को झेलते हुए अत्यधिक परिश्रम कर लोग धन एकत्रित करते हैं। परन्तु किसके लिए? केवल सुख के लिए। सुख पाने की इच्छा सब को रहती है। परन्तु यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि सुख का मूल सच्चरित्रता है। यदि हमारे चरित्र अच्छे नहीं हैं, हम मद्यसेवी, वेश्यागामी या द्यूतप्रेमी हैं तो हमसे सभी लोग अप्रसन्न रहेंगे और हमें स्वप्न में भी सुख की प्राप्ति न हो सकेगी। हमारा बुरा आचरण देख हमारे मित्र बान्धव भी हमारे सरीखे हो जायँगे। इस प्रकार हमारे कारण जाति की, जाति से प्रान्त की, प्रान्त से देश की और देश से देशवासियों की हानि होगी। किसी को भी हमारे बुरे आचरण से लाभ न होगा। चरित्र-सुधार के कई उपाय हैं। कहीं व्याख्यानों द्वारा कहीं उपन्यासादि और पुस्तकों द्वारा चरित्र सुधार के उपदेश दिए जाते हैं; कहीं कोई सभा की जाती है तो कहीं कोई सोसाइटी स्थापित हो रही है। परन्तु चरित्र-सुधार का सर्वोत्तम उपदेशक नाटक है। रंगभूमि में किसी के घृणित चरित्रों और सच्चरित्रों के आधार पर बड़े बड़े उपदेश राजा महाराजों एवं अन्य दर्शकों को दिये जाते हैं। यदि किसी पुस्तक में सत्य हरिश्चन्द्र की कहानी लिखी हो तो उसका प्रभाव जन समुदाय वा उसके पाठकों पर उतना नहीं पड़ सकता है जितना कि रंगभूमि में किसी को हरिश्चन्द्र, किसी को शैव्या बना कर उनके सत्य, धैर्य, दान, संतोष, कर्तव्यपालन इत्यादि का सन्मुख दृश्य उपस्थित करने से हो सकता है। वह शारीरिक एवं चरित्रसुधारक शिक्षा जो मनुष्य को प्रत्यक्ष रीति से अपनी रक्षा के लिये योग्य बनाती है नाटक के प्रभावों द्वारा सहज में प्राप्त हो सकती है। नाटक ही के प्रभाव से मनुष्य का वह जीवन जो चरित्र के हीन होने से बिगड़ रहा हो सुधरता है और सुधर सकता है।

(२) उदर-निर्वाह सम्बन्धिनी शिक्षा—

यह बतलाने की कोई आवश्यकता नहीं है कि मानवजीवन के साथ उदर का क्या सम्बन्ध है। इस संसार में जितने प्राणी हैं, चाहे वे मनुष्य हों या पशु, जलचर हों वा स्थलचर, पेट की फ़िक्र सब को है। कोई जीव ऐसा नहीं है जो भोजन के

बिना अपना जीवन व्यतीत कर सके। अतः भाजन (उदर-निर्वाह) से सम्बन्ध रखनेवाली शिक्षा सर्वव्यापिनी और बड़े महत्त्व की है। मनुष्य-समाज में इसके दो भाग हैं ; एक तो वह शिक्षा जो बिना दूसरे का काम किये व्यापार के द्वारा मनुष्य का निर्वाह करती है; दूसरी वह शिक्षा जो मनुष्य को दूसरे का काम कर अपना उदर पोषण करने की ओर प्रवृत्त करती है। हर एक मनुष्य को अपने जीवन निर्वाह के लिये इन दोनों की अथवा इनमें से किसी एक की अवश्य ही आवश्यकता पड़ती है। नाटकों के द्वारा यह शिक्षा भी थोड़े समय में बड़ी उत्तमता से प्राप्त हो सकती है। थोड़ेही समय में किस प्रकार दूकान सजाना, ग्राहकों से किस तरह बातें करना, ठगों को कैसे बातों में लाकर पहचान लेना, दलालों की चालाकियाँ आदि सभी बातें जिनका सम्बन्ध व्यापार से है नाटकों के द्वारा दिखलाई जा सकती है और इसके प्रत्यक्ष दृश्यों से मनुष्य इस विभाग की सभी बातें जान सकता है। दूसरे का काम किस तरह करना चाहिए, राजा से शासनकार्य्य के कुछ भाग का भार ले कर उसे कैसे निबाहना चाहिए इत्यादि बातें बहुत भली भाँति नाटकों द्वारा प्रत्यक्ष कराई जा सकती हैं। जिन्होंने सत्य हरिश्चन्द्र नाटक पढ़ा है उन्हें विदित होगा कि एक बार स्मशान-देवी श्री हरिश्चन्द्रजी पर प्रसन्न हुईं। उन्होंने प्रसन्न होकर उनसे बर माँगने के लिये कहा। हरिश्चन्द्र उस समय डोम के दास थे। यदि वे चाहते तो स्त्री, पुत्र, राज्य, धन, सब कुछ देवी से मांग सकते थे और देवी भी, जो वचनबद्ध हो चुकी थीं उनकी अभिलाषा को अवश्य पूर्ण करतीं। परन्तु सेवक हरिश्चन्द्र ने भगवती से यही कहा—"भगवती यदि आप प्रसन्न हैं तो हमारे स्वामी का कल्याण कीजिये।" इस दृश्य से सेवक समाज को स्वामि-भक्ति की कैसी उत्तम शिक्षा मिलती है। जब वीरवर प्रतापसिंह का सब कुछ नष्ट हो गया उस समय भामाशाह मंत्री ने अपने निज के विपुल धन से उनकी सहायता की थी। क्या राजस्थान केसरी नामक नाटक के उक्त दृश्य से सेवक समाज को अपने स्वामी के प्रति विपत्ति के समय सच्चे सेवक के कर्तव्यों की शिक्षा नहीं प्राप्त होती? नाटक के प्रभाव से केवल यही शिक्षा नहीं मिलती वरन् यह भी सिद्ध हो जाता है कि ऐसी स्वामि-भक्ति का क्या फल होता है। इस प्रकार नाटक के सुप्रभाव और मानव जीवन से चोली दामन का साथ रखनेवाली उदर निर्वाह सम्बन्धिनी शिक्षा भी प्राप्त होती है।

(३) सन्तान-सुधारिणी शिक्षा—

देश का उद्धार, देश की उन्नति, देश का गौरव सुसंतानों पर अवलम्बित है। सच पूछिये तो मातृभूमि का सब से प्रिय धन उसके प्यारे नवयुवक हैं। यदि ये नवयुवक सुशिक्षित होंगे तो मरुभूमि को भी अपने रक्त से सींच कर अनाज उत्पन्न करेंगे, रेतीले मैदानों को अपने प्रयत्न और प्रयास द्वारा पानी से भर देंगे, खानें खोद डालेंगे और भूगर्भ में से छिपे हुए सोने चांदी के भांडार निकालेंगे। शिक्षित नवयुवक अपने पराक्रम अपने बल और अपने उत्साह से जननी जन्मभूमि का नाम चारों दिशाओं में फैलावेंगे। उसे संसार की सब जातियों में अग्रगण्य और सम्मानित करेंगे। बाल्यावस्था में स्मरण-शक्ति बड़ी तीव्र होती है। उस समय की समझी हुई बातें मरण पर्यन्त नहीं भूलतीं; दूसरी बात यह है कि बालकों का शिक्षण, और चरित्रसुधार जैसा नाटकों द्वारा हो सकता है वैसा उत्तम और उतने ही अल्प समय में शायद अन्य उपायों द्वारा नहीं हो सकता। जब बालक छोटा रहता है तब वह ज़रा ज़रा सी बातों पर हठ करता, कभी कुछ चुरा कर खा लेता और कभी झूठ भी बोलता है। ऐसी अवस्था में माता पिता या पोषक उसे यह कह कर कि "अगर ज़िद्द करोगे तो हम बाबाजी को बुला कर तुम्हें पकड़ा देंगे" "अगर अब कभी चोरी करोगे तो तुम्हें खाने को न देंगे " अगर कभी झूठ

बोलोगे तो उस लाल पगड़ीवाले सिपाही से तुम्हें पकड़वा देंगे" बालकों को धमकाते, फुसलाते और समझाते हैं। परन्तु यही सब बुरी बातें और उनका बुरा फल नाटकों के द्वारा बालकों के चित्त में जमा दिया जाय तो सम्भव नहीं कि वे बालक जो माँ बाप की झूठी धमकियों से उस काम को छोड़ देने की कोशिश करते हैं नाटकों में उनका प्रत्यक्ष दृश्य देख कर न छोड़ें। अच्छे अच्छे शिक्षा-दायक दृश्यों के प्रभाव से बालकों की प्रकृति बदल जाती है और उनके कोमल हृदय में बुरे के स्थान पर अच्छे आचरण के बीज बोए जाते हैं; सम्भव नहीं है कि इन बीजों से सत्कार्य्य रूपी वृक्ष उत्पन्न न हों और इन वृक्षों में संसार का कल्याण करनेवाले फल न हों। इस प्रकार विचार करने से सिद्ध होता है कि वह सन्तान सुधारनेवाली शिक्षा जिसके बिना किसी समाज नगर या देश की किसी प्रकार की उन्नति नहीं हो सकती, इन नाटकों के प्रभावों द्वारा थोड़े समय में प्राप्त हो सकती है।

(४) सामाजिक एवं राजनैतिक शिक्षा—

प्रत्येक देश की अवस्था उस देश के इतिहास द्वारा जानी जाती है। जैसे जैसे देशवासी नवयुवक इतिहासों का अध्ययन करते जायँगे वैसे ही वैसे उनके कोमल हृदय में श्रद्धा, भक्ति तथा देश-सेवा के अंकुर बढ़ते जायँगे। बिना इतिहास का ज्ञान प्राप्त किए मनुष्य इस संसार में अपनी, अपने समाज की तथा अपने देश की स्थिति नहीं जान सकता। इतिहास ही के द्वारा हम लोग अपने पूर्व-पुरुषों के चरित्र, उनकी विद्या, स्वदेश-प्रियता, चाल व्यवहार आदि जान सकते हैं। प्राचीन समय में हमारे समाज की क्या दशा थी; उस समय लोग अपने समाज की सेवा, उन्नति और भलाई किस प्रकार करते थे, यवनों के समय में हमारे समाज तथा आचरण की क्या दशा हुई, वर्त्तमान समय में हमारे समाज की क्या दशा है, किस कार्य्य के करने से हमारा समाज उन्नत हो सकेगा, इत्यादि इत्यादि बातें इतिहास ही के द्वारा जानी जा सकती हैं। प्राचीन समय में राजा महाराजाओं के राज-नियम क्या थे, वे किस तरह मनुष्य समाज में अपना प्रभुत्व जमाये हुए थे, विदेशियों के आने पर उन नियमों में किस तरह एवं कैसे परिवर्तन हुए, समाज पर इन परिवर्तनों का क्या प्रभाव पड़ा, आज कल हमारी क्या दशा है, आदि ये सब बातें भी इतिहास ही के द्वारा जानी जाती हैं। परन्तु दुःख के साथ लिखना पड़ता है कि आजकल जो इतिहास की पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं, उनसे उक्त बातों का बहुत ही कम ज्ञान प्राप्त होता है। उनमें केवल राजा महाराजाओं के साधारण जीवनचरित्र और उनकी सेना की संख्याएँ तथा कुछ मुख्य मुख्य घटनाओं की तिथियाँ ही मालूम होती हैं। इस का कारण यही है कि ये ऐतिहासिक पुस्तकें उन लोगों की बनाई हुई हैं जो हमारे समाज संस्कार, हमारे पूर्वजों के प्राचीन राजनियम, यहाँ तक कि हमारी भाषा से भी पूर्ण परिचित नहीं हैं। ऐसी अवस्था में नाटक और उपन्यास ही हमारा काम देते हैं। इनमें भी नाटक तो मानों प्राण है। यदि आज हमारे पास मृच्छकटिक नाटक न होता तो हमें उसके बनने के समय की अवस्था का पूरा हाल बहुत कठिनता से ज्ञात होता। राजस्थान केशरी नाटक से वीर प्रतापसिंह के नगर निवासियों की सामाजिक अवस्था ज्ञात होती है। भारतेन्दुजी के "भारतदुर्दशा" से इस देश की वास्तविक दशा का बहुत कुछ ज्ञान होता है।

"महारानी पद्मावती", "नीलदेवी", आदि नाटकों के अभिनय से उस समय के इतिहास का अनुमान होता है। एक बार काशी की भारतेन्दु नाटक मण्डली ने "राजस्थान केसरी" नाटक खेला था, उसमें श्रीमान् महाराज काशिराज भी पधारे थे। जब उन्होंने प्रतापसिंह के मुख से प्रथम दृश्य के कुछ प्रभावशाली वाक्य सुने तब वे सहसा चौंक उठे और उन्होंने अपनी तलवार अपने हाथ में ले ली। सत्य हरिश्चन्द्र के अभिनय के समय दर्शकों में ऐसे बहुत से लोग निकलते हैं जो दाँत

पीसते हुए मन ही मन विश्वामित्र को हज़ारों उलटी सीधी सुनाते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि सामाजिक तथा राजनैतिक स्थिति का जैसा अच्छा ज्ञान नाटकों द्वारा प्राप्त होता है वैसा उत्तम ग्रैार उपायों से संभव नहीं।

मनोरञ्जनीय् शिक्षा।

दिन भर परिश्रम करने के उपरांत हर एक मनुष्य के अपना दिल बहलाने ग्रैार अपना मस्तिष्क शान्त एवं पूर्ववत् करने के लिए कुछ न कुछ मनोरञ्जन की आवश्यकता होती है। जब कोई मनुष्य अस्वस्थ होता है तब उसका स्वभाव बदल जाता है। बहुत शांत प्रकृति के मनुष्य में भी उस समय क्रोध उत्पन्न हो जाता है; ऐसे समय में नाटक का दृश्य बड़े काम का होता है। उससे उसका मनोरञ्जन भी होता है ग्रैार साथही साथ उसका बिगड़ा हुआ स्वभाव भी सुधर जाता है। गायन सुनने से उसका चित्त मोहित हो जाता है ग्रैार उसकी वेदना कम हो जाती है। नाटक में मनोरञ्जनीय दृश्य तो होते ही हैं इनके सिवा उनसे बहुत कुछ शिक्षाएँ भी मिलती हैं, जैसे शराबी को देख कर हँसी तो आती है साथ ही साथ उसकी दुर्दशा देख शराब न पीने की शिक्षा भी मिलती है। इस प्रकार नाटकों द्वारा शिक्षा भी प्राप्त होती है ग्रैार मनोरञ्जन भी होता है।

सारांश।

किसी काम के करने के पहले उस कार्य्य के करने की रीति जानने की आवश्यकता पड़ती है। भोजन करने के पहले यह जानने की आवश्यकता होती है कि किस तरह उसे हाथ से उठाना ग्रैार किस तरह दाँतों से चबा कर निगलना चाहिए। किसी सभा में जाने से पूर्व यह जानना आवश्यक होता है कि उस सभा के क्या अधिकार हैं, उसके सभासदों के क्या कर्तव्य हैं, उस सभा या उसके सभासदों को किस बात की ज़रूरत है। इसी तरह संसार रूपी वृहत् सभा में प्रवेश करने के समय भी जिसके प्रत्येक जीव सभासद हैं, हमारा यह जानना बहुत जरूरी है कि हमारे लिए संसार के क्या नियम हैं ग्रैार हमें, हमारे परिवार, हमारे देश अथवा संसार को किन बातों की आवश्यकता है ग्रैार हमारे किस कार्य से हमारे समाज जाति नगर देश ग्रैार साथ ही साथ संसार का भला होगा। नाटकों द्वारा हम लोगों को इन सब बातों का बहुत अच्छा ज्ञान हो जाता है। अथवा यों कहिये कि जिन कामों को हमें संसार में करना पड़ता है उन सबों का ज्ञान हम नाटकों द्वारा प्राप्त कर सकते हैं ग्रैार जब इस प्रकार हमें नाटकों द्वारा अपने कर्तव्य ज्ञात हो जाँय तब फिर उनके पालन में हमारे लिए बहुत सरलता हो जाती है। जब हमने अपना कर्तव्य पालन कर लिया तब निश्चय ही हमारा जीवन सार्थक है ग्रैार संसार के लिये लाभकारी है। इस प्रकार मानव जीवन को सार्थक बनाना ग्रैार उसे अपने कर्त्तव्य-पालन की ग्रोर प्रवृत्त करना, नाटकों के प्रभाव का कार्य है। यही कारण है कि प्रत्येक देश के साहित्य में नाटक को बहुत ऊँचा स्थान दिया जाता है।

परन्तु हिन्दी साहित्य में इसकी दशा संतोषदायक नहीं है। इस लेख के पूर्व भाग के देखने से आपको विदित हो गया होगा कि इसकी अवस्था कैसी शोचनीय है।

हिन्दी के अधिकांश नाटक केवल पढ़ने अथवा गिनती गिनने के योग्य ही हैं। जिन नाटकों के प्रभाव से मनुष्य अपने कर्त्तव्यों को जान सकता है, अपनी चाल चलन सुधार कर अपना जीवन आदर्श बना सकता है ग्रैार संसार का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है, उनकी हिन्दी-संसार में ऐसी शोचनीय अवस्था हो—यह कितने दुःख की बात है। जूलाई-सितम्बर, १९१३ की सरकारी रिपोर्टों के देखने से विदित होता है, कि जहां मराठी, गुजराती ग्रैार बंगला भाषा में तीस तीस ग्रैार चालीस चालीस नाटक लिखे गए वहाँ हिन्दी में केवल तीन या चार ही नाटक प्रकाशित हुए ग्रैार वह भी उपर्युक्त भाषाग्रों के सन्मुख केवल नामभर के हैं। परन्तु इससे हमें

हताश न होना चाहिये। एक समय भारतेन्दुजी के पूर्व का था जब कि हिन्दी भाषा में नाटकों का नाम निशान भी न था, और एक समय आज है। जब कि हम उस भाषा में सैकड़ों नाटक देख रहे हैं। जब तक पेड़ छोटा होता है उसके फल कच्चे और छोटे होते हैं। इसी तरह नाटकों का पवित्र वृक्ष जिसे श्रीमान् भारतेन्दुजी ने जमाया है अभी छोटा है और इसीसे इसके फल अभी परिपक्व और स्वादिष्ट नहीं हैं। परन्तु निश्चय रहे कि एक समय आवेगा जब साहित्य-सेवियों के जल-सिंचन से यह नाट्य-वृक्ष बहुत बड़ा हो जायगा और इसके सुस्वादु फलों का रसास्वादन कर हम लोग प्रसन्न होंगे और इस की शिक्षादायक छाया में बैठकर निज कर्त्तव्य मार्ग में अग्रसर होंगे।

—:o:—

अशोक के अभिलेख।

[लेखक बाबू जगन्मोहन वर्म्मा]

(प्रस्तावना)

अशोक के अभिलेख तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं। पहला 'आदेश' दूसरा 'स्तंभभिलेख' और तीसरा फुटकर 'अभिलेख'।

आदेशाभलेख जो आज तक मिले हैं वे मुख्य चौदह हैं जो भिन्न भिन्न स्थानों में वहाँ की प्रांतिक भाषा में खुदी हुई है। इन स्थानों में गिरिनार शाहबाज़गढी, मनसेहरा और कालसी प्रधान स्थान हैं जहाँ चौदहों अभिलेख मिलते हैं। ये अभिलेख मुख्य कर दो लिपियों में हैं; पंजाब वा उसके आस पास के स्थानों में खरोष्ट्री लिपि में और इतर स्थानों में ब्राह्मी लिपि में।

इसी प्रकार स्तंभाभिलेख और फुटकर अभिलेख भी कई स्थानों में उन्हीं लिपियों में मिलते हैं। ये लिपियाँ बड़ी असावधानी से खोदी हुई प्रतीत होती हैं। खरोष्ट्री लिपि में दीर्घ स्वरों का सर्वथा अभाव है। मालूम होता है कि उस समय में ये लिपियाँ सर्वथा फारसी लिपि की की तरह अटकल से पढ़ी जाती थीं, क्योंकि यह कभी संभव नहीं है कि किसी प्रांत में सर्वथा दीर्घ वर्णों का अभाव ही हो। किन्हीं किन्हीं स्थानों के अभिलेखों में हेर फेर बहुत मिलता है जिससे यह अनुमान होता है कि खोदनेवाले उन अक्षरों के अभ्यासी तो थे पर ऐसे व्युत्पन्न नहीं थे कि वे उसे शुद्ध खोद सकते। संयुक्त अक्षरों में प्रायः विपर्य्यय देखा जाता है जैसे 'ठ्य' का 'ट्व' र्थ का थ्र, र्व का व्र इत्यादि प्रायः मिलते हैं। कहीं कहीं तो 'सर्व' को 'स्रव'' सव्र' तक देखा जाता है। व्यर्थ दुरूह संयुक्त वर्णों की भरमार जैसे पटि के स्थान में 'प्रटि' आदि का होना तथा एक ही में दो भिन्न भिन्न पाठ मिलने से, तथा दुहरे पाठ, और पदों के छूट जाने से यह भी अनुमान किया जा सकता है कि इन लिपियों के खोदनेवाले प्रायः विदेशी वा अनपढ़ थे जिनको पाठ बोल बोल कर खोदवाया गया था। इत्यादि कई प्रकार के अनुमान उक्त अभिलेखों की ध्यानपूर्वक अलोचना से किया जा सकता है।

हमारा विचार है कि हम हिन्दी प्रेमियों के सामने तीनों प्रकार के अभिलेखों को स्थानानुसार अलग अलग देकर अंत में उनके सामने उन अभिलेखों का विशुद्ध मूल अनुवाद आदि प्रस्तुत करें और यदि हो सके तो अंत में विभक्ति के अनुसार उन अभिलेखों में आये पदों की ऐसी सूची लगा दें जिससे इस बात का पता चले कि अशोक के समय में भारत के भिन्न भिन्न प्रांतों में विभक्तियों के क्या चिह्न प्रचलित थे। हमारा अनुमान है कि ऐसा करना हिंदी के निरुक्त के लिए अत्यंत उपकारी होगा और उन लोगों को भी अपने सिद्धांतों के सत्यासत्य निर्णय करने में लाभदायक होगा जिन लोगों ने बिना सोचे समझे यह सिद्धांत कर रक्खा है कि प्राचीन काल में नाटकों वा साहित्य की प्राकृत का प्रचार भारतवर्ष के भिन्न भिन्न प्रांतो में था।

इसमें संदेह नहीं कि ये अभिलेख प्राचीन इतिहास के जानने में भी बहुत सहायक हो सकते हैं

पर हिंदी भाषा की निरुक्ति के लिए हिंदी-प्रेमियों को उनका ज्ञान होना अत्यंतावश्यक है।

जगन्मोहनवर्म्मा

—:०:—

(१) आदेशाभिलेख।

गिरनार।

[राजपूताना-लिपि-ब्राह्मी]

(१)

इयं धंमलिपी देवानं प्रियेन प्रिय दसिना राञा लेखापिता, इध न किंचि जीवं आरभित्वा प्रजूहितव्यं, नच समाजो कतव्यो। बहुकं हि दोसं समाजम्हि पसति देवानं प्रियो प्रियदसि राजा। अस्ति पि तु एक चा समाजा साधुमता देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो। पुरा महानसम्हि देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो अनुदिवसं बहूनि प्राण सतसहस्रानि आरभिसु सूपाथाय। से अज यदा अयं धंमलिपी लिखिता ती एव प्राणा आरभरे सूपाथाय—द्वो मोरो एको मगो। सोपि मगो न ध्रुवो। एते पि ती प्राणा पछा न आरभिसरे।

(२)

सर्वत विजितंहि देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो एवमपि प्रचंतेसु यथा चोड़ा पाड़ा सतियपुतो केतलपुतो आ तंबपंणी अंतियको योनराजा ये वापि तस अंतियकस सामीपं राजानो सर्वत्र देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो द्वे चिकिछा कता—मनुसचिकीछा च पसुचिकीछा च। ओसुढानि च यानि मनुसोपगानि च पसोपगानि च यत यत नास्ति सर्वत्र हारापितानि च रोपापितानि च; मूलानि च फलानि च यत नास्ति सर्वत्र हारापितानि च रोपापितानि च। पंथेसु कूपा च खानापिता व्रछा च रोपापिता परिभोगाय पसुमनुसानं।

(३)

देवानं प्रियो प्रियदसि राज एवं आह द्वादस वासाभिसितेन मया इदं आञपितं, सर्वत विजिते मम युता च राजुके च प्रादेसिके च पंचसु पंचसु वासेसु अनुसंयानं नियातु, एतायेव अथाय, इमाय धंमानुसस्टिय यथा अञाय पि कंमाय। साधु मातरि पितरि च सुस्रूसा मितासंस्तुत ञातीनं बाम्हणसमणानं साधु दानं प्राणानं साधु अनारंभो अपव्ययता अपभांडता साधु। परिसापि युते आञपयिसति गणनायं हेतुतो च व्यंजनतो च।

(४)

अतिकातं अंतरं बहूनि वाससतानि वढितो एव प्राणारंभो विहिंसा च भूतानं ञातिसु असंप्रतिपती ब्राम्हण स्रमणानं असंप्रतिपती। त अज देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो धंमचरणेन भेरीघोसो अहो धंमघोसो विमानदसणा च हस्तिदसणा च अगिखंधानि च अञानि च दिव्यानि रूपानि दसयित्वा जनं। यारिसे बहुहि वाससतेहि न भूतपुवे तारिसे अज वढिते देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो धंमानुसस्टिया अनारंभो प्राणानं अविहीसा भूतानं ञातीनं संपटिपती ब्राह्मण स्रमणानं संपटिपती मातरि पितरि सुस्रुसा थेर सुस्रुसा। एस अञे च बहुविधे धंमचरणे वढिते वढयिसति चेव देवानं प्रियो प्रियदसि राजा धंमचरणं इदं। पुत्राच पोत्रा च प्रपोत्राच देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो वढयिसंति इदं धंमचरणं आव संवटकपा। धंमंम्हि सीलम्हि तिष्टंतो धंमं अनुसासंति। एस हि सेस्टे कंमेया धंमानुसासनं धंमचरणो पि न भवति असीलस। त इमम्हि अथम्हि वधी च अहीनी च साधु। एताय अथाय इदं लेखापितं, इमस अथस वधि युजंतु हीनि च मा लोचेतव्या। द्वादस वासाभिसितेन देवानं प्रियेन प्रियदसिना राजा इदं लेखापितं।

(५)

देवानं प्रियो प्रियदसि राजा एवं आह कलाणं दुकरं ये अ......कलाणेस सो दुकरं करोति। त मया बहु कलाणं कतं। त मम पुता च पोत्रा च परं च तेन य मे अपचं आव संवटकपा अनुवतिसरे तथा सो सुकतं कासति। यो तु एत देसं पि हापेसति सो दुकतं कासति। सुकरं हि पापं। अतिकातं अंतरं न भूतपुर्वं धंममहामाता नाम। त मया त्रैदस वासाभिसितेन धंममहामाता कता। ते सवपासंडेसु व्यापता धमाधिस्टानाय.........धंमयुतस च

योन कंबो (ज) गंधारानं रिस्टिक-पेतेणिकानं ये वा पि अंञे अपराता। भतमयेसु वा............खाय धंमयुतानं अपरिवोधाय व्यापता ते।...बंधनबधस पटिविधानाय .... प्रजाकताभीकारेसु वा थेरेसु वा व्यपता ते...पाटलि पुते च बाहिरेसु च...... ...... े वापि ने अंञे गञातिका सर्वत व्यापता ते। यो अयं धंमनिस्रितो ति व.................. े धंम-महामाता। एताय अथाय अयं धंमलिपि लिखिता।

(६)

देवानं प्रि [यो प्रियद] सि राजा एवं आह अतिकांतं अंतरं न भूतपुर्व सव [का] ल अथ-कंमे वा पटिवेदना वा। त मया एवं कतं सव काले भुंजमानस मे अेारोधनम्हि गभागारम्हि वा विनीतम्हि च उयानेसु च सर्वत्र पटिवेदका स्टिता अथेमे जनस पटिवेदेथ इति। सवत्र च जनस अथे करोमि। यच किंचि मुखतो आञपयामि स्वयं दापकं वा स्रावा-पकं वा य वा पुन महामात्रेसु आचायिक आरोपितं भवति ताय अथाय विवादो निझति व संतो परि-सायं।..

....

....

आनंतरं परिवेदेतव्यं मे सर्वत्र सर्वे काले। एवं मया आञपितं नास्ति हि मे तोसो उस्टानम्हि अथ-संतीरणाय व। कतव्यमते हि मे सर्वलोकहितं। तस च पुन एस मूले उस्टानं च अथसंमीरणा च। नास्ति हि कंमतरं सर्वलोक हितत्पा। य च कंचिं पराक्रमामि अहं किंति[?] भूतानं आनंणं गछेयं इध च नानि सुखापयामि परत्राच स्वगं अराधयंतु। त एताय अथाय अयं धंमलिपी लेखापिता किंति[?] चिरं तस्टेय इति, तथा च मे पुत्रा पोता च प्रपोत्रा च अनुवतरं सव लोकहिताय। दुकरंतु इदं अञत अगेन पराक्रमेन।

(७)

देवानं पियो पियदसि राजा सर्वत इछति सवे पासंडा व सेयु। सवे ते समयं च भावशुधिं च इछति जनो तु उचावचछंदो उचावचरागो। ते सर्वं व कसंति एकदेसं व कसति। विपुले तु पि दाने यस नास्ति सयमे भावसुधिता व कतंञता व दृढ भतिता च निचा बाधं।

(८)

अतिकातं अंतरं राजानो विहारयातां आयासु। एत मगध अंञानि च एतारिसनि अभीरमकानि अहुंसु। सो देवानं पियो पियदसि राजा दसवसा भिसितो संतो अयाय संबोधिं। तेने सा धंमयाता। एतयं होति बम्हणसमणानं दसणे च दाने च थैराणं दसणे च हिरंणपटिविधानो च जानपदस च जानस दसणं धंमानुसस्टी च धंमपरिपुछा च। तदोपया एसा भुय रति भवति देवानं प्रियस प्रिय-दसिनो राञो भागे अंञे।

(९)

देवनं पियो पियदसि राजा एवं आह, अस्ति जनो उचावचं मंगलं करोते आवाधेसु वा आवाह विवाहेसु वा पुत्रलाभेसु वा प्रवासम्हिवा। एतम्हि च अञम्हि च जनो उचावचं मङ्गलं करोते। एतै तु महि-डायो बहुकं च बहुविधं च छुदं च निरथं च मंगलं करोते। त कतव्यमेव तु मंगलं। अपफलं तु खो एतारिसं मंगलं। अयं तु महाफले मंगले य धंम मंगले। तत दासभातकम्हि समयप्रतिपती गुरूणं अपचिति साधु पाणेसु संयमो साधु बम्हणसमणानं साधु दानं। एत च अञं च एतारिसं धंममंगलं नाम। त वतव्यं पिता वा पुतेन वा भात्रा वा स्वामिकेन वा इदं साधु इदं कतव्यं मंगलं आव तस अथस निस्टानाय। अस्ति च वुतं साधु दानं इति। न तु एतारिसं अस्ति दानं व अनगहो व यारिसं धंम्मानु-गहो व। त तु खो मित्रेण वा सुहृदयेन वा अतिकेन वा सहायेन वा अेावादितव्यं तम्हि तम्हि पकरणे इदं कचं इदं साधु इति, इमिना सकं स्वगं आराधेतु इति। किंच इमिना कतव्यतरं यथा स्वगारधि।

(१०)

देवानं प्रियो प्रियदसि राजा यसो व कीति व न महाथावह मंञते अञत तदात्पनो दिघाय च मे जनो धंमसुस्रु सा धंमस्रु तं धंमवुतं च अनुविधियतां।

एतकाय देवानं पियो पियदसि राजा त सवं पारत्रिकाय किंति [?] सकले अप्पपरिस्रव अस। एस तु परिस्रव य अपुंञं। दुकरं तु खो एत छुद केन व जनेन उस्टेन व अञत्र अगेन पराकमेन सवं परिचजित्पा। एत तु खो उस्टेन दुकरं।

(११)

देवा नं प्रियो पियदसि राजा एवं आह। नास्ति एतारिसं दानं यारिसं धंमदानं धंमसंस्तवो वा धंमसंविभागो वा धमसंबधो वा। तत इदं भवति दासभतकम्हि सम्यप्रतिपती मातरि पितरि साधु सुस्रुसा मितसंस्तुत ञातिकानं बाम्हणसमणानं साधु दानं प्राणानं अनारंभो साधु। एता वतव्यं पिता वा पुत्रेण वा भ्राता वा मितसंस्तुत ञातिकेन वा आव पटिवेसियेहि इदं साधु, इदं कतव्यं। सो तथा करु इलोकस च आरधो होति परत च अनंतं पुंञं भवति तेन धंमदानेन।

(१२)

देवानं पिये पियदसि राजा सवपासंदानि च पवजितानि च घरस्तानि च पूजयति दानेन च विविधाय च पूजाय पूजयति ने। न तु तथा दानं व पूजा व देवानं पियो मंञते यथा किंति [?] सारवढी अस सवपसंडानं। सारवढी तु बहुविधा। तस तस तु इदं मूलं य वचिगुती किंति[?] आत्पपासंडपूजा व परपासंडगरहा व नो भवे अपकरणम्हि लहुका व अस तम्हि तम्हि प्रकरणे। पूजेतया तु एव परपासंडा तेन तेन प्रकरणेन एवं करुं आत्प पासंडं च वढयति परपासंडं च उपकरोति। तदंञथा करोतो आत्पपासंड च छणति परपासंडस च पि अपकरोति। यो हि कोचि आत्पपासंडं पूजयति परपासंडं वा गरहति, सवं आत्पपासंडभतिया किंति [?] आत्पपासंड दीपयेम इति, सो च पुन तथ करातो आत्पपासंडं बाढ़तरं उपहनाति। त समवायो एव साधु किंति अंञमंञस धंमं स्रुणारु च सुसुसेर च। एवं हि देवानं पियस इछा च किंति सवपासंडा बहुस्रुता च असु कलानागमा च असु। ये च तत्र तते प्रसंना तेहि वतव्यं देवानं पियो नो तथा दानं व पूजा व मंञते तथा किंति सारवढी अस सर्वपासंडानं बहका च। एताय अथा व्यापता धंममहामाता च इथीझखमहामाता च वचभूमिका च अंञे च निकाया। अयं च एतस फल य आत्पपासंडवढी च होति धंमस च दीपना।

(१३)

....

.... द्वे सतसहस्रमात्रं तत्र हतं बहुतावतकं मते। तता पछा अधना लधेसु कलिंगेसु तिवो धंमवायो..............................

............वधो व मरणं व अपवाहो व जनस। तं बाढं वेदनमतं च गुरु मतं च देवानं......स......

.... सा मातापितरि सुसुसा गुरुसुसुसा मितसंस्तुतसहायञातिकेसु दासभ............................

............हायञातिका व्यसनं प्रायुनणति। तत्र सो पि तेसं उपघातो होति। पटिभागो चेसा सव.........

सान..म्हि यत्र नास्ति मनुसानं एकतरम्हि पासंडम्हि न नाम प्रसादो। यावतको जनोतदा..

न य सकं छमितवे। या च पि अटवियो देवानं प्रियस पिजिते पाति..

............सवभूतानं अछतिं च समयं च समचेरां च मादवं च......................योनराजा परंच तेन चत्पारो राजानो तुरमायो च अंतकिना च मगा च......

....अंधोपिरिंदेसु सवत देवानं पियस धंमानुसस्टिं अनुवतरे। यत पि दूति..

विजयो सवथा पुन विजयो पीतरसोसो। लधा सा पीती होति धंमविजयम्हि..

......विजयं मा विजेतव्यं मञा सरसके एव विजये छतिं च..

......................इलोकिका च पारलोकिका च।

(१४)

अयं धंमालिपि देवानं प्रियेन प्रियदसिना राजा लेखापिता अस्ति, एव संखितेन अस्ति मभमेन अस्ति विस्ततन। न च सर्वं सर्वत घटितं। महालके

यदि आरंभ में शिक्षा की ओर ध्यान न दिया जाय तो उससे होनेवाली क्षति की कभी पूर्त्ति नहीं हो सकती; और इसी कारण बड़े होने पर उसके लिए जो उद्योग होंगे उनका परिणाम उलटा होगा। यह बात अनुभव से सिद्ध है। जिस मनुष्य का स्वास्थ्य युवावस्था में बिगड़ जाता है वह आजन्म उसका दुष्परिणाम भोगता रहता है—अपने शरीर की रक्षा के लिए अत्यधिक प्रयत्न करने पर भी उसे कोई लाभ नहीं होता। स्वच्छ वायु में रहने, उत्तम और सुपाच्य भोजन करने और यथेष्ट व्यायाम करने पर भी वह प्रायः कोमल और रोगी बना रहता है। पर एक हट्टा कट्टा आदमी किसी प्रकार का संयम न करने पर भी बहुत कम बीमार होता है। इसी लिए कुछ लोग अधिक संयम को बिलकुल व्यर्थ समझते हैं। इसलिए पुरुष या स्त्री के वयस्क होने के समय तक उसका नैतिक आचरण दृढ़ हो जाना चाहिए; नहीं तो आगे चलकर बहुत अधिक प्रयत्न का बहुत थोड़ा फल होगा और थोड़े प्रयत्न का कुछ भी फल न होगा। इस विषय में नैतिक आचरण स्वतंत्र नहीं, वरन् मानवी प्रकृति का अनुगामी है। इन सब बातों से यही तात्पर्य्य निकलता है कि सदाचार की शिक्षा की आवश्यकता जन्म से ही होती है।

शिक्षा व्यवस्थित होनी चाहिए।

बालकों को शिक्षा देते समय अपने उद्देश्य, परिस्थिति औा साधन आदि का ध्यान रखना चाहिए और बीच में उपस्थित होनेवाले नैतिक प्रश्नों का निराकरण करते जाना चहिए।

अव्यवस्थित शिक्षा का फल कभी अच्छा नहीं होता। जब तक किसी रोग की चिकित्सा लगकर न की जाय तब तक वह नष्ट नहीं हो सकता। आपकी कल्पनाएँ चाहे कितनी ही अच्छी क्यों न हों पर जब तक उनका ठीक और पूरा उपयोग न किया जाय तब तक उनका कोई फल नहीं हो सकता। जब तक ठीक ढंग से और पूरी तरह बालकों को शिक्षा न दी जाय तब तक उत्तम और निकृष्ट कल्पनाओं का फल समान ही होता है। उद्देश्य-रहित शिक्षा बहुत ही दुःखदायी होती है। इस प्रकार जब बालक बिगड़ जाते हैं तब माता-पिता दिक़ होकर उनकी ओर ध्यान देना छोड़ देते हैं। फल यह होता है कि बालक बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं और उनसे माता-पिता को असह्य कष्ट मिलता है; साथ ही उचित ध्यान और निरीक्षण के अभाव के कारण बालक भी प्रायः दुखी रहते हैं। पर यदि युक्ति-युक्त प्रणाली से बालकों की शिक्षा का पूरा पूरा प्रबंध किया जाय तो इन कठिनाइयों से बहुत रक्षा रहती है।

यदि इस नीति का अवलंबन किया जाय तो केवल आरंभ में ही बहुत सी कठिनाइयाँ होती हैं और तरद्दुद उठाना पड़ता है। पर इस तरद्दुद उठाने और अपने या पराए बालकों के संबंध में अनुभव प्राप्त करने से अंत में उद्देश्य-सिद्धि हो ही जाती है। ये कठिनाइयाँ केवल आरंभ में ही होंगी और आगे चल कर आपके बालक सुधर जायंगे; और तब आपको बहुत ही कम चिंता रह जायगी। इतना होने पर भी यदि बालकों में कोई अनुचित बात रह जाय तो उसके लिए शांत रहना चाहिए क्योंकि बालकों की स्वाभाविक चंचलता रोकना ठीक नहीं है।

शिक्षा का एक निश्चित उद्देश्य होना चाहिए।

दम्पति को इस बात का निर्णय कर लेना चाहिए कि वे अपने बालकों को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहते हैं और साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि शिक्षा का आरंभ जन्म से ही होना उचित है। प्रायः लोग इन बातों का ध्यान नहीं रखते। बालक के जन्म लेने पर माता-पिता को कौतूहल सा होता है और अनिश्चित परिपाटी और विचारों से उनकी शिक्षा आरंभ होती है।

इस कौतूहल के अतिरिक्त लोगों में प्रायः तीन बातें और होती हैं। एक तो यह कि लोग बालक को खिलौना या आमोद प्रमोद का साधन मात्र समझते हैं। जिस प्रकार लोग तमाशा देखने के लिए बंदर के हाथ में शीशा देते हैं उसी प्रकार बालकों का विनोद देखने के लिए लोग उन्हें खराब करते हैं। यदि परिणाम के साथ साथ इस बात का भी ध्यान रक्खा जाय कि बालक पर इन कृत्यों का क्या प्रभाव पड़ता है तो थोड़े से निर्दोष विनोद से कोई हानि नहीं हो सकती। पर जब बालक से सदा इसी प्रकार विनोद किया जाय तो वह अवश्य अनुचित और हानिकारक है।

दूसरी बात यह है कि बालक को लोग दया का पात्र और क्षम्य समझते हैं। उसकी दीनता देख कर दया उत्पन्न होती है और इसी लिए लोग उसे बिना कुछ कहे सुने छोड़ देते हैं। इस प्रकार की दया और उदारता से बालक की बहुत अधिक हानि होती है। नैतिक दृष्टि से इसका परिणाम बहुत ही भयंकर होता है।

तीसरे माता पिता को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि केवल चंचलता या रोने चिल्लाने के कारण बालकों को मारना या बुरा भला कहना बहुत अनुचित है। उन्हें बालकों की चंचलता या रोने चिल्लाने का कारण देखना चाहिए।

बालकों की शिक्षा के संबंध में माता पिता के उद्देश्य इस प्रकार होने चाहिएं।

(क) ज्ञानयुक्त अनुराग से काम लेना चाहिए।

(ख) सुजनता और मृदुलता का कभी हाथ से न जाने देना चाहिए।

(ग) उन्नतिशील और उच्च, व्यक्तिगत तथा सामाजिक आदर्श का अपना पथ-दर्शक बनाना चाहिए। और

(घ) इस आदर्श का दृढ़ता, प्रेम, शांति, प्रसन्नता और दूरदर्शिता पूर्वक संपादन करना चाहिए।

शिक्षक।

इधर कई शताब्दियों से भारत में शिक्षा और शिक्षकों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। साधारणतः बहुत ही थोड़ी योग्यता वाले "गुरु" बालकों को थोड़ा बहुत पहाड़ा पढ़ा देते हैं और उन्हें अक्षर पहचानना सिखला देते हैं। इधर जब से पाश्चात्य शिक्षा का प्रबंध हुआ है तब से इस देश में शिक्षा की स्थिति बहुत कुछ बदल गई है। पर तो भी यह स्थिति सभ्य देशों के शिक्षा-प्रबंध के सामने एक दम अपूर्ण, बल्कि प्रायः नहीं के समान है। यूरोप में कहीं कहीं तो इतना दृढ़ नियम है कि प्रत्येक मनुष्य को शिक्षक का कार्य आरंभ करने से पहले कुछ निश्चित समय तक किसी विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करनी पड़ती है। पर हमारा देश शिक्षा में बहुत ही पिछड़ा हुआ है। प्रायः सभ्य देशों में यह प्रथा है कि बालक को किसी विद्यालय में भेजने से पहले, बहुत ही छोटी अवस्था में किसी अध्यापिका के सुपुर्द कर दिया जाता है। पर हमारे देश में कम से कम पाँच छः वर्ष की अवस्था तक बालकों की शिक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया जाता।

हमारे देश में माताएं अशिक्षिता ही रहती हैं। इसमें संदेह नहीं कि उच्च शिक्षा से स्त्रियों की कोमल प्रकृति बिगड़ कर कठोर हो जाती है। राजनैतिक आदि झगड़ों में पड़ना या जीविका उपार्जन के लिए परिश्रम करना स्त्रियों का काम नहीं है। उन्हें केवल गृहस्थी का प्रबंध और बालकों का पालन पोषण करना चाहिए। पर तो भी स्त्रियों के लिए इतनी शिक्षा और जानकारी की अवश्य आवश्यकता है जिससे वे बालकों को आरंभ से ही कुछ आवश्यक बातों का यथेष्ट ज्ञान करा सकें। पिता को बालक की देख रेख का बहुत ही कम अवसर मिलता है और इसी लिए यह कर्त्तव्य प्रधानतः माता का समझा जाता है।

आजकल जिस ढंगपर बालकों को शिक्षा दी जाती है उससे उनकी विचार, स्मृति और अनुमान-शक्ति नहीं बढ़ने पाती। उन्हें शिक्षा देते समय किसी उच्च आदर्श पर लक्ष्य नहीं रक्खा जाता, केवल एक लकीर सी पीटी जाती है। बालकों पर माता की ममता बहुत अधिक होती है। पर यदि इसमें शिक्षा और अनुभव भी सम्मिलित हो तो वह बहुत अधिक उत्तम और बलवती हो जाती है। सबसे पहली बात तो यह है कि माता-पिता को स्वयं शिक्षित होना चाहिए, दूसरे उन्हें संसार का अनुभव होना चाहिए। उनमें बालकों को घर पर ही उत्तम शिक्षा देने की योग्यता होनी चाहिए। तीसरे जिन लोगों पर उनकी शिक्षा का भार सौंपा जाय, उन्हें शिक्षण के काम में पूरा दक्ष होना चाहिए।

माता-पिता और शिक्षकों में अभेद।

यदि विद्यालयों के अध्यापक पढ़ाने के काम में भली भाँति शिक्षित हों तो बीच बीच में उनके परिवर्त्तन से कोई हानि नहीं हो सकती। जिस विद्यालय के सभी अध्यापक सुयोग्य हों वहाँ उन अध्यापकों में आकृति आदि के अतिरिक्त और किसी प्रकार का भेद नहीं पाया जाता। इसी प्रकार यदि माता पिता और बालकों को आरंभिक शिक्षा देनेवाले गृह-शिक्षा-शास्त्र से भली भाँति अभिज्ञ हों तो कोई हानि नहीं हो सकती। पर अभाग्यवश स्थिति इससे विपरीत ही होती है। उन सबके विचार आदि सदा एक दूसरे से बहुत भिन्न होते हैं। इससे हानि यह होती है कि बालक के सामने भिन्न भिन्न प्रकार के आदर्श उपस्थित होते हैं जिनमें प्रायः परिवर्त्तन

होते रहने के कारण और भी गड़बड़ होती है। इसलिए माता-पिता को इस कठिनाई का ध्यान रखना चाहिए और यथासाध्य इसे दूर करना चाहिए। सब से अधिक उत्तम यह है कि माता-पिता मिल कर अपने बालकों की शिक्षा और उसकी प्रणाली का एक उपयुक्त नियम निर्द्धारित कर लें। इस प्रकार दाम्पत्य संबंध में भी बहुत कुछ उपकार हो सकता है।

बड़े और छोटे बालक।

जिन लोगों को केवल एक ही संतान हो, उनकी कम से कम एक कठिनता तो अवश्य दूर हो जाती है। हां, बालक की यह हानि अवश्य होती है कि उसे समवयस्क साथी नहीं मिलते। पर जिन लोगों को कई संतानें होती हैं उन्हें यह कठिनता होती है कि प्रायः बालक एक दूसरे का अनुकरण करने लग जाते हैं।

बालकों का यह अनुकरण, विशेषतः उनकी प्रारम्भिक अवस्था में बहुत ही चित्ताकर्षक होता है। बहुत छोटा बालक, जहाँ तक हो सकता है, अपने से बरस दो बरस बड़े बालक का सब बातों में अनुकरण करता है। पाँच बरस की अवस्था तक छोटे बालक के आचार विचार आदि इसी प्रकार के अनुकरण से पुष्ट होते रहते हैं; पर इसके बाद उसकी वह अनुकरण-शीलता जाती रहती है।

बालक एक दूसरे को जो कुछ करते देखते हैं वही स्वयं भी करने लग जाते हैं। यदि आप अपनी सबसे बड़ी संतान को उचित और योग्य शिक्षा दे सकें तो फिर आपको बहुत ही थोड़ा परिश्रम करने की आवश्यकता रह जायगी। बड़ा बालक स्वयं ही शेष छोटे बालकों को शिक्षा दे लेगा और उनके सामने अनुकरणीय आदर्श उपस्थित करेगा। इसलिए प्रथम बालक की शिक्षा आदि पर बहुत अधिक ध्यान देना चाहिए क्योंकि उसके छोटे भाई बहनों पर उसके आचरण का बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। वास्तव में पहले और सब से बड़े बालक को दूसरों का पथ-दर्शक बनाने के योग्य शिक्षा देनी चाहिए और उन्हें उत्तरदायित्व और सद्गुणों का ज्ञान प्राप्त कराना चाहिये। यदि इस कार्य्य में आप कृतकार्य्य हो गए तो इससे आप और आपके छोटे बालकों का बहुत अधिक उपकार होगा और आपके सब से बड़े बालक में बहुत ही प्रबल नैतिक और मानसिक-शक्ति आ जायगी। इसलिए आपको सदा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपका सब से बड़ा बालक दूसरों के लिए शिक्षक और आदर्श हो।

पर यदि आप इसमें कृतकार्य न हो सके तो आपको दूसरी कठिनता यह होगी कि बड़े बालक के दोष शेष छोटे बालकों के लिए अनुकरणीय हो जायँगे। यदि एक बालक उँगलियाँ चटकाता हो, मुँह बनाता हो, धूल में लोटता हो, उत्पात करता हो, कहना न मानता हो, तो उसकी देखादेखी दूसरे बालक भी उँगलियाँ चटकाने, मुँह बनाने, धूल में लोटने, उत्पात करने और आज्ञा की अवज्ञा करने लग जायँगे। इस प्रकार उनकी सभी बातें बिगड़ जायँगी। पहले आपको केवल एक ही बालक के जो दोष दूर करने पड़ते वह अब सब बालकों के दूर करने पड़ेंगे। इसलिए ज्यों ही किसी बालक में कोई दोष दिखलाई दे त्यों ही उसे जिस प्रकार हो सके दूर करना चाहिए और दूसरे बालकों में उसे फैलने न देना चाहिए।

कई बालकों के पालन पोषण में भी कुछ कठिनता होती है। बात यह है कि बालक सदा एक दूसरे के साथ रहने में सदा प्रसन्न रहते हैं और स्वभावतः उन्हें आचार-विचार की उत्तमता का बहुत थोड़ा ध्यान रहता है। इसलिए अवसर पा कर बिलकुल अनजान में वे अपने चरित्र और विचार बिगाड़ लेते हैं। यदि उन लोगों को कोई अनुचित बात न सिखलाई जाय तो वे कभी उजड्ड, झूठे या स्वार्थी न होंगे। जो माता-पिता अपना यह कर्त्तव्य पालन कर चुकते हैं उन्हें अपने बालकों के आचरण के कारण कभी कष्ट नहीं उठाना पड़ता।

इसलिए आपका एक काम यह है कि आप अपने बड़े

बालक के सामने, अनुकरण करने के लिए, बहुत ही उत्तम और उच्च आदर्श उपस्थित करें।

दोषों का निवारण और दंड आदि।

यदि विचार-पूर्वक देखा जाय तो बालक स्वयं कोई अनुचित कार्य्य नहीं करते। इसलिए उनके कृत्यों के लिए किसी प्रकार का दंड या पुरस्कार निरर्थक होता है।

यदि बालक कोई अनुचित कार्य्य करे तो आप को ज़रा भी क्रोध या दुःख न करना चाहिए, क्योंकि बालक उस कार्य्य को अनुचित समझ कर नहीं करता। यद्यपि इस सिद्धांत को समझते हुए इस प्रकार का व्यवहार करने में आपको कुछ कठिनता होगी, तथापि यदि आप इस बात का दृढ़ विश्वास रक्खेंगे कि आपके बालक निर्दोष हैं, तो समय पाकर आप यह भी समझ जायँगे कि वास्तव में उन्हें कोई अनुचित कार्य्य करना अभीष्ट नहीं होता।

आप यह कह सकते हैं कि यद्यपि बालक जान बूझ कर कोई अनुचित कार्य्य नहीं करते तो भी यदि उनपर डाँट डपट रक्खी जाय और अनुचित कार्य्यों के लिए उन्हें दंड दिया जाय तो वे अच्छे कार्य्यों की ओर प्रवृत्त होंगे। कुछ लोगों का यह सिद्धांत है कि शिक्षा आदि में कड़ाई से काम लेना चाहिए। पर यदि विचार-दृष्टि से देखा जाय तो मालूम हो जायगा कि इससे शिक्षक में पाशव वृत्ति की वृद्धि होती है। इसलिए बालकों, सेवकों, अपराधियों, पागलों और पशुओं तथा अन्य सबों से किसी प्रकार की कड़ाई का व्यवहार करना अनुचित, दूषित, व्यर्थ और त्याज्य है। जो लोग इस सिद्धांत का अनुकरण नहीं करते वे दोषों की निवृत्ति तो कर नहीं सकते, हाँ, अपने दंडों को अधिक प्रभावकारक बनाने के लिए दिन पर दिन कड़ा अवश्य करते जाते हैं जिससे उनमें पाशव और क्रूर वृत्ति बढ़ती जाती है और उनका नैतिक आचरण दूषित होता जाता है। आपको अपने निज के और दूसरों के अनुभव से यह बात मालूम हो जायगी कि पुरस्कार और दंड-युक्त शिक्षा-प्रणाली जितनी प्रशंसनीय है उतनी ही निंद्य भी है।

वर्त्तमान अनुभव हम लोगों को यह बात बतलाता है कि प्रत्येक कार्य्य नम्र बनने से जितनी सरलतापूर्वक निकल सकता है उतनी सरलतापूर्वक उग्र होने से नहीं निकलता। यदि किसी से कोई कार्य्य, आज्ञा के रूप में, करने के लिए कहा जाय तो वह उसपर कभी उचित ध्यान न देगा। पर यदि वही कार्य्य करने के लिए उससे प्रार्थना रूप में, या कम से कम नम्रतापूर्वक कहा जाय तो वह उसे बहुत प्रसन्नतापूर्वक और शीघ्र कर देगा। छोटे, बड़े सबसे काम लेने में जितनी अधिक सहायता नम्रता और दया से मिलती है उतनी अधिक क्रोध या धमकी से नहीं। यह एक साधारण नियम है कि यदि किसी को कोई काम करने से मना किया जाय तो किसी न किसी रूप में उस काम के करने की उसकी प्रबल इच्छा होती है। पर नम्रता-पूर्वक की हुई प्रार्थना अस्वीकार करने में मनुष्य को लज्जा आती है।

आपको सदा यही समझना चाहिए कि आपके लड़के बाले आपके शिष्य हैं और जितनी कठिनता और धीरता से उन्हें पाठ का अभ्यास कराया जाता है उतनी ही कठिनता और धीरता से उन्हें आचार व्यवहार आदि भी सिखलाने की आवश्यकता है। इसलिए आपको एक शिक्षक की भाँति दूरदर्शक होना चाहिए और सदा अपने आपको वश में रखना चाहिए क्योंकि आप के और शिक्षक के कर्त्तव्य समान ही हैं।

बालकों के साथ सदा प्रेम का व्यवहार करके उन्हें प्रसन्न रखना चाहिए और उनका मिजाज कभी बिगड़ने न देना चाहिए। केवल प्रेम का व्यवहार ही आपसे बालकों के साथ उचित न्याय करा सकता है और इसके अभाव में शेष सारे प्रयत्न मिट्टी हो जाते हैं।

बालकों पर प्रसन्नता का वैसा ही प्रभाव पड़ता है जैसा वनस्पति पर सूर्य्य का। यदि आप उन्हें प्रसन्न रखेंगे तो उनकी शारीरिक अवस्था सर्वोत्तम

रहेगी, उनकी शिक्षा सर्वोत्तम होगी और उनके व्यवहार भी सर्वोत्तम होंगे।

बालकों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए कि जो कार्य्य उन्हें कोमल वचनों और प्रार्थना रूप में कहा जाय उसे वे तुरंत कर दें। ऐसी दशा में उस अवसर पर बड़ा आनंद आता है जब कि कोई व्यक्ति उनसे कोई कार्य्य करने के लिए साधारण शब्दों अथवा आज्ञा के रूप में बार बार कहता है और उनके न करने पर आश्चर्य्य से उनका मुँह ताकता है। साथ ही बालकों को इस बात की भी शिक्षा देनी चाहिए कि जिस कार्य्य के लिए उनसे कोमल वचनों में कहा जाय, उसके विषय में वे उत्तर दें कि—"मैं प्रसन्नता से यह कार्य्य कर दूँगा।" ऐसी बातें उन्हें भली भाँति याद कराने के लिए बार बार उनसे अनेक कार्य्य करने के लिए कहना उनके लिए बहुत अच्छा खेल हो जायगा और इससे वे काम अवश्य और बहुत प्रसन्नता पूर्वक करेंगे।

कोमल शब्दों में समझाने और सदा उचित ध्यान रखने से बालकों के अनुचित और दूषित अभ्यास बड़ी सरलता से दूर किए जा सकते हैं। कड़ाई या दलील करने से उनके दूषित अभ्यास नहीं छूट सकते। उन्हें सब बातें प्रसन्नचित्त होकर और मुलायमियत से समझानी चाहिएँ। बालकों से कभी किसी विषय में दलील न करनी चाहिए। उन्हें यह भी सिखला देना चाहिए कि यदि कर्कश स्वर में उनसे कोई कार्य्य करने के लिए कहा जाय तो वे उसपर ध्यान न दें।

बालकों को अपने इष्ट पथ पर लाने और यथेच्छ कार्य्य कराने में उनके कल्पित सुंदर नए नाम रखने से बहुत सहायता मिलती है। यदि चार बरस की किसी बालिका से यह कहा जाय कि—"यदि तुम दिन भर न रोओगी तो संध्या समय तुम्हारा नाम "मोती" रखा जायगा, कल दिन भर न रोओगी तो "पन्ना" कहलाओगी और इसी प्रकार एक सप्ताह बीत जाने पर तुम्हें लोग "हीरा" कहेंगे और तब तुम्हें बाग में घुमाने ले चलेंगे और बढ़िया खिलौना ला देंगे।" और इस प्रकार बीच बीच में ध्यान दिलाया जाय तो वह तो रोना छोड़ही देगी साथ ही पाँच बरस का उसका बड़ा भाई भी रोना चिल्लाना छोड़ देगा। बालकों के इस प्रकार नाम रखने में उनकी भी स्वीकृति ले लेनी चाहिए।

इस प्रकार की गृह शिक्षा में निश्चित मर्य्यादा के अभाव के कारण भी बहुत से दोष उत्पन्न हो जाते हैं।

सम्भव है कि बार बार इस प्रकार की प्रार्थना सुनते सुनते बालकों को उसके समझने या तदनुसार कार्य्य करने में कठिनता हो; इसलिए वे सब कुछ सुन कर भी आपका मुँह ताकते रह जाँय। इसलिए आपको मर्य्यादाबद्ध रहना चाहिए।

(क) आवश्यकतानुसार प्रत्येक कार्य्य के लिए कुछ समय नियत कर दो। हर एक काम के लिए उन्हें दो चार या दस मिनट का समय देने से वे बहुत प्रसन्नतापूर्वक निश्चित समय के अंदर कार्य्य कर देंगे। कोई काम कराना हो तो "एक, दो, तीन" कहो, बालक बहुत प्रसन्न होंगे। आगे चल कर यह अवकाश कम कर दो, केवल "एक, दो" कहो, तदुपरांत और भी कम करके केवल "एक" कहो और फिर सब से अंत में इतना कहने की भी आवश्यकता न रह जायगी। अंतिम 'तीन' या 'दो' कहने में शीघ्रता न करनी चाहिए और बालक को कार्य्य समाप्त करने के लिए यथेष्ट समय देना चाहिए। इसी प्रकार उनसे यह भी कहा जा सकता है कि दो, चार या पाँच मिनट तक बिलकुल चुपचाप और शांत रहो और तदुपरांत पाँच मिनट तक भद्रोचित बातें करो। इसी प्रकार के और भी बहुत से नियम हो सकते हैं जिनका पालन बालक तुरंत और बड़ी प्रसन्नता से करेंगे।

(ख) इसी प्रकार कोई बुरा अभ्यास छुड़ाने या अच्छा अभ्यास डालने में भी कुछ उपयुक्त समय निश्चित कर देना बहुत आवश्यक और लाभदायक होता है। बिना इस नियम का पालन किए बहुत समय तक भी कोई फल नहीं होता। बालकों के चौके में बैठने, स्वच्छतापूर्वक भोजन करने और

बिना भोजन किए न उठने की बात ही लीजिए। ऐसा अभ्यास डालने के लिए बालकों को कम से कम एक सप्ताह का समय दिया जाना चाहिए और इस अवसर में आपको बीच बीच में इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें इस उद्योग में कहाँ तक सफलता होती है। बिलकुल आरंभ में सब कामों पर आपको पूरा पूरा ध्यान रखना पड़ेगा और बीच बीच में उन्हें आदत सुधारने के लिए दिए हुए समय का स्मरण भी दिलाना पड़ेगा। पर फिर चार पाँच दिनों बाद आपको ऐसा करने की आवश्यकता न पड़ेगी।

प्रत्येक भूल, पूर्णतः या अंशतः, अज्ञानता के कारण ही होती है। यदि आप उन्हें बराबर बतलाते जांय तो वे बहुत शीघ्र पटरे या आसन पर बैठना और ग्रास उठाना आदि सीख जायँगे। हां, आपको शिक्षक की भांति उन्हें प्रत्येक बात समझाने और सिखलाने में भारी कठिनता अवश्य होगी। ऐसी दशा में आपको अधीर न हो जाना चाहिए क्योंकि बालक यह नहीं जानते कि आप उनसे क्या चाहते अथवा क्या आशा रखते हैं। इसका कारण यह है कि या तो बालक उन बातों को भली भांति समझते नहीं या शीघ्र भूल जाते हैं। प्रत्येक नया अभ्यास डालने के लिए बालकों को अपना पुराना अभ्यास भुलाना पड़ता है। एक अभ्यास डालने का अर्थ, साधारणतः दूसरा अभ्यास दूर कर देना ही है।

यदि इस प्रकार किसी अनुचित अभ्यास को दूर करने के लिए बालकों को थोड़ा निश्चित समय न दिया जाय तो वह अभ्यास महीनों बल्कि बरसों तक पड़ा रहेगा। इस नियम के पालन का प्रभाव विद्युत् की भांति होता है और इससे आपकी कठिनाइयाँ तुरंत और सदा के लिए दूर हो जाती हैं। पर यदि ऐसा न किया जाय तो दिन पर दिन बुरे अभ्यास बढ़ते जायँगे और प्रायः व्यर्थ डांटते डपटते और मना करते करते अंत में आप थक कर निराश हो जायँगे और बालकों के आचार व्यवहार आदि सदा के लिए बिगड़ जायंगे। बुद्धिमान माता-पिता, एक एक करके, सब आनेवाली कठिनाइयों को दूर कर लेते हैं।

(ग) अपने उद्योग में सफलता प्राप्त करने के लिए यह भी आवश्यक है कि आप बालकों से एक बार में व्यवहार आदि के संबंध में केवल एक या दो चार सुधार ही करने के लिए कहें। एक ही सप्ताह में सारे आचरण सुधारने के लिए कहना, अथवा ऐसे कार्य्य कराने का उद्योग करना जो बालकों की शक्ति के बाहर हों, सदा निरर्थक और निराशाजनक होता है। इसलिए एक सप्ताह में केवल एक या दो अभ्यास ही सुधारने का प्रयत्न होना चाहिए और शेष अभ्यासों को भविष्य में सुधारने के लिए छोड़ देना चाहिए।

बालकों से सदा बहुत कम बातें कहनी चाहिएं कि जिसमें वे उसपर यथेष्ट ध्यान दें। कोई बात ऐसी नहीं कहनी चाहिए जिसकी तह में और भी अनेक बातें हों। एक अच्छे शिक्षक की भांति आपको अपने समक्ष उपस्थित इन सीधे और सरल कार्य्यों से कभी मुँह न मोड़ना चाहिए। किसी कार्य्य में कभी उतावलापन न करना चाहिए। ऐसा करने से आपके बालक भी प्रसन्न रहेंगे और आपको कुढ़ना भी न पड़ेगा।

इनके अतिरिक्त बालकों को यह जानने के लिए कि क्यों ऐसा कार्य्य वर्जित है जो ऊपर से देखने में निर्दोष मालूम पड़ता है, क्यों किसी काम में कोई रिआयत नहीं होती और क्यों प्रत्येक कार्य्य तुरंत होना चाहिए, प्रत्येक बात या अभ्यास की वास्तविकता भी जाननी चाहिए। बालक जब कोई काम करना चाहें तो उन्हें बतला देना चाहिए कि यह काम उचित है या अनुचित। यदि कोई बात अनुचित होने पर भी बहुत अधिक हानिकारक न हो तो पहले उचित कार्य्य कराके उन्हें दूसरे कार्य्य के अनौचित्य और दोष का भी अनुभव करा देना चाहिए।

यदि कोई बालक कोई अनुचित कार्य्य भी केवल एक ही बार करना चाहे, तो इस शर्त पर आप

उसे वह कार्य्य करने की आज्ञा दे सकते हैं कि उस दिन फिर वह कभी ऐसा कार्य्य न करेगा। जब बालक भली भाँति सीखने लगे तो उसे बीच बीच में ऐसी बातों की आज्ञा भी बड़ी प्रसन्नता से दे देनी चाहिए। केवल प्रारंभिक शिक्षा के समय ही आपको बुरे अभ्यास छुड़ाने और अच्छे अभ्यास डालने के संबंध में इस प्रकार के मानसिक नियमों पर बहुत विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आरम्भ में केवल बुरे अभ्यासों को छुड़ाने के लिए ही कभी कभी उन्हें इस प्रकार के अनुभव का अवसर देना चाहिए। ऐसा करना मानों उन्हें सुधरने का अवसर देना है।

यदि आपका स्वभाव मृदुल हो तो आपके घर की सभी बातें सर्वोत्तम हो सकती हैं। उस दशा में जल्दी जल्दी नए उत्तम अभ्यासों की सृष्टि होती है और वे अपने उत्तम और आदर्श परिणामों के कारण तुरंत ग्रहण कर लिए जाते हैं। इसके विरुद्ध उग्रता और कठोरता आदिका परिणाम बुरा होता है। यदि आप सदा प्रसन्नचित्त रहेंगे तो आपके बालक भी प्रसन्नता और साहसपूर्वक सब प्रकार की कठिनाइयाँ और कष्ट सहेंगे, कभी दुखी या निराश न होंगे और उनमें सद्गुणों और सद्विचारों की वृद्धि होगी और ऐसी परिस्थिति में पड़ कर नैतिक दोषों का तुरंत नाश हो जायगा।

बालकों के साथ कभी किसी प्रकार की कठोरता या उग्रता का व्यवहार न करके सदा उन्हें सद्गुणी और सज्जन बनाने में सहायता देनी चाहिए। आपको क्रम क्रम से उन्हें इस योग्य बना देना चाहिए कि वे इस बात को स्वीकार कर लें कि वे कभी इंद्रियों या वासनाओं के वश में न हो कर सदा सात्विक बने रहना चाहेंगे। उन्हें इस बात के लिए भी उत्तेजित करना चाहिए कि वे इस बात में सदा अपने बड़ों से सहायता लिया करें। उनके साथ बड़े अभिभावकों की भाँति नहीं बल्कि वयस्क मित्रों की भाँति व्यवहार करना चाहिए। यदि इस नियम का पूरा पूरा पालन किया जाय तो सौ में पंचानवे बालक ऐसे निकलेंगे जिनके सभी कृत्य सात्विक, प्रशंसनीय, उच्च और सर्वप्रिय होंगे।

ऊपर कहा जा चुका है कि अनेक अवसरों पर बालकों के लिए हलका दंड भी उचित है। बात यह है कि बालकों का बुरा अभ्यास छुड़ाने या उन्हें अच्छा अभ्यास डालने के लिए असाधारण उपायों का प्रयोग होना चाहिए। यदि कोई बालक कुछ अनुचित कार्य्य करे तो अपने कृत्य पर विचार करने के लिए उसे किसी कोने या दूसरे कमरे में भेज देना अथवा इसी प्रकार का और कोई दण्ड देना बहुत कुछ फलदायक होता है और बालक के हृदय पर उसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। यदि बिना किसी प्रकार का क्रोध, आदेश या असंतोष प्रकट किए इन उपायों का अवलंबन किया जाय तो वह भी दण्ड के बहुत कुछ समान हो जाता है।

यदि दो तीन बार लगातार समझाने पर भी कोई बालक अपना कोई बुरा अभ्यास न छोड़े तो आप उसे धीरे से थोड़े शब्दों में समझा दें कि यदि इस बार तुम अमुक कार्य्य करोगे तो तुम्हें एक बार चौके से बाहर बैठकर भोजन करना पड़ेगा। अनेक अवसरों पर तो यही दण्ड यथेष्ट हो जायगा और बालक को इस बात का ध्यान भी न होगा कि उसे कुछ दण्ड मिला है। यदि अपराध कुछ और भारी हो तो यह दण्ड भी और बढ़ाया जा सकता है।

इन दशाओं में क्रोध की कोई संभावना नहीं होती और परिणाम भी बहुत अच्छा निकलता है। ऐसी बातों को दंड के साथ कभी सम्मिलित न करना चाहिए। ये उपाय सभी लोग कर सकते हैं। पर साथ ही इनका प्रयोग बहुत अधिक भी न होना चाहिए, नहीं तो इनका तात्पर्य्य यही होगा कि उपायों का दुरुपयोग हो रहा है। जब यह बात मालूम हो जाय कि अमुक बुरा अभ्यास बालक को पूरा पूरा पड़ गया है, तभी इन उपायों का अवलंबन होना चाहिए। जो बात मना की गई हो यदि एक सप्ताह बीत जाने पर भी बालक उसे करता

रहे तो उसी से पूछना चाहिए कि तुम अपने लिए कौन सा दंड उचित समझते हो। वह उत्तर देगा कि मैं दो मिनट तक कोने में खड़ा रहूँगा। दो मिनट बीत जाने पर आप फिर उससे वही प्रश्न करें तो वह चार मिनट के लिए कहेगा। इस प्रकार करते रहने से आप ही आप उसका वह बुरा अभ्यास छूट जायगा।

यदि कोई बालक कुछ बुरा कार्य्य करे और उसे मारने पीटने से कोई फल न निकले तो उक्त प्रकार से ही दंड देना चाहिए; घंटे दो घंटे के लिए उससे बोलना छोड़ देना चाहिए अथवा इसी प्रकार का और कोई दंड देना चाहिए। जिस प्रकार कोई चिकित्सक किसी रोगी के साथ व्यवहार करता है उसी प्रकार आपको भी बालक के साथ व्यवहार करना चाहिए। इसके विरुद्ध यदि आप बिगड़ खड़े होंगे तो बालक भी बिगड़ जायगा और आपके सुधार के प्रयत्न का कुछ भी फल न होगा। शांत और विचारवान् चिकित्सक की भाँति आपको भी अपने भूल करनेवाले बालक के साथ शांति और विचार-पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। निम्न-लिखित बातों का सदा बहुत अधिक ध्यान रखना चाहिए।

(क) मृदुल स्वभाव बहुत ही आवश्यक है।

(ख) बालकों की वास्तविक दशा जानने और उनके साथ न्यायसंगत व्यवहार करने के लिए अपने आपको भी बालक ही समझना चाहिए। केवल इतना समझने से आपका काम न चलेगा कि वे आपको कुछ नहीं सिखला सकते।

(ग) विचार और समझ से बहुत अधिक कार्य्य लेना चाहिए; इस प्रकार आप शीघ्र समझ जायँगे कि सर्वोत्तम कर्त्तव्य क्या है।

(घ) अपना विचार और निश्चय सदा दृढ़ रखना चाहिए और जब तक इस बात का यथेष्ट प्रमाण न मिल जाय कि आपका अभीष्ट सिद्ध हो गया तब तक अपना निश्चय बदलना न चाहिए। ऐसा करने से बालक अपने साधारण छोटे उपायों से आपको अपने निश्चय से डिगा न सकेंगे और बालक तथा आप दोनों ही प्रसन्न भी रहेंगे।

(च) इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि व्यक्तिगत सम्मान या संस्कार अथवा दूसरों के आदर-भाव का विचार बालकों के लिए भी उतना ही उपयुक्त और आवश्यक है जितना बड़ों के लिए।

इन उपायों का पूरा पूरा अवलंबन करके बहुत ही कम निराश होना पड़ता है। सब लोगों को, विशेषतः माता-पिता को सदा सब का पूरा और उचित ध्यान रखना चाहिए। इस प्रकार आपके मन में कभी दंड देने का विचार न उठेगा और आपका गार्हस्थ्य-जीवन यथेष्ट उत्तम और आदर्श हो जायगा।

मनाही। पुलिस के सिपाही का कर्त्तव्य है कि वह इस बात का ध्यान रक्खे कि कोई मनुष्य कानून के विरुद्ध किसी प्रकार का अपराध न करे; पर आपका कर्त्तव्य अपने बालकों में क़ानून या नियमों के प्रति अनुराग उत्पन्न करना है। इसलिए उन्हें दोषों से सचेत करते रहने की अपेक्षा आपके लिए अधिक उत्तम और उचित यही है कि आप उनके सामने अच्छे कार्य्यों की प्रशंसा करें और उनकी उपयुक्तता तथा उत्तमता दिखला दें।

किसी बालक को यह कहने की अपेक्षा कि—"तुम पाजी हो।" यह कहना अधिक उचित है कि—"तुम बहुत अच्छे (या ठीक) नहीं हो।" "तुम दोषी हो" "रोओ मत" "गंदे मत रहो" "शोर मत करो" "उत्पात मत करो" आदि कहने की अपेक्षा बहुत धीरे से और समझाकर उनसे कहना चाहिए—"तुमने भूल की है" "प्रसन्न हो जाओ—हँस दो" "साफ रहा करो" "धीरे बोला करो" शांत होकर बैठो" आदि।

यह बात सब लोग स्वीकार करते हैं कि इन दो प्रकार के व्यवहारों में बड़ा भेद है। एक प्रकार का व्यवहार मनुष्यों के विचार दोषों और बुराइयों की ओर ले जाता है और दूसरे प्रकार का व्यवहार

उनके विचारों को उत्तम ग्रैार सुन्दर कार्यों की ग्रोर ले जाता ग्रैार सदा उन्हें सात्विक बने रहने का अभ्यास कराता है। "पाजी" "गधा" आदि शब्द पाजीपन ग्रैार गधेपन की ग्रोर ध्यान आकर्षित कराते हैं ग्रैार बालक दूसरों को भी "पाजी" "गधा" आदि कहने लगता है। पहले पक्ष की सरलता ही यह बतला देती है कि उसकी उत्पत्ति अज्ञानता ग्रैार अयुक्ति से युक्त है ग्रैार उसके मूल में कोई अच्छा आदर्श नहीं है; पर दूसरे पक्ष की कठिनता यह बात सिद्ध करती है कि उसमें न्याय से काम लिया ग्रैार शिक्षा के सुन्दर परिणाम पर ध्यान रक्खा गया है। इसलिए सदा अच्छी बातों पर ध्यान रखना चाहिए ग्रैार बुरी बातों को दिल से निकाल देना चाहिए। अच्छी बातों पर जितना ध्यान रहता है अथवा रहना उचित है, वह तो रहना ही चाहिए; साथ ही जो ध्यान बुरी बातों की ग्रोर जाता हो उसे भी अच्छी बातों की ग्रोर प्रवृत्त करके उसकी मात्रा दूनी कर देनी चाहिए।

शरीर की रक्षा।

कुछ लोग तो ऐसे हैं जो यह समझते हैं कि यदि बालक के स्वास्थ्य का पूरा पूरा ध्यान रक्खा जाय तो वह प्रसन्न, बुद्धिमान् ग्रैार सज्जन होगा; पर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो यह समझते हैं कि जीवन के उच्चतर कार्य्यों में स्वास्थ्य से कोई सहायता नहीं मिलती। पर हम इन दोनों का मध्यवर्त्ती पक्ष बतलाना चाहते ग्रैार कहते हैं कि यदि विचार ग्रैार आचरण पर उचित ध्यान न रक्खा जाय तो स्वास्थ्य भी कभी न कभी अवश्य बिगड़ जाता है; ग्रैार यदि स्वास्थ्य पर ध्यान न दिया जाय तो चरित्र ग्रैार विचारों के उच्चतम होने की बहुत ही थोड़ी जगह बच जाती है।

अंतिम बात का महत्त्व आपको भूल न जाना चाहिए। बालकों को केवल नित्य नहला धुलाकर उनका शरीर स्वच्छ रखना ग्रैार उन्हें साफ़ कपड़े पहनाना ही पर्य्याप्त नहीं है बल्कि उनके भोजन पान आदि सभी छोटी बड़ी बातों में बहुत अधिक स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। उनके लिए दूध तथा अन्य खाद्य पदार्थ सदा बहुत अच्छा होना चाहिए ग्रैार सब चीज़ें बहुत अच्छी तरह उबाली ग्रैार पकी हुई होनी चाहिएं। उनके पीने का दूध ग्रैार पानी ख़ूब अच्छी तरह गरम कर लेना चाहिए। उनके खाद्य पदार्थों में ऋतु आदि के अनुसार कभी कभी कुछ परिवर्त्तन भी करते रहना चाहिए ग्रैार नित्य उन्हें कुछ फल आदि भी देने चाहिएं। उनका भोजन सादा पर कई प्रकार का होना चाहिए। यदि बालक की पाचन-शक्ति ठीक हो ग्रैार उसे ख़ूब भूख लगती हो तो समझना चाहिए कि उसे ठीक ठीक भोजन मिलता है। जाड़े के दिनों में उन्हें गरम ग्रैार गरमी के दिनों में हलके कपड़े पहनाने चाहिएं; ऋतु के अनुसार उनका ग्रोढ़ना बिछौना भी बदलते रहना चाहिए। उन्हें मादक द्रव्यों तथा बहुत अधिक सरदी ग्रैार गरमी से भी बचाना चाहिए। सब ऋतुग्रों में खुली हवा में उन्हें व्यायाम कराना चाहिए, कभी किसी दशा में बहुत अधिक न थकने देना चाहिए ग्रैार इच्छा प्रकट करते ही उन्हें तुरंत आराम करने देना चाहिए। यदि बालक दुखी मालूम पड़े तो देखना चाहिए कि उसके कमरे में स्वच्छ प्रकाश पहुँचता है या नहीं ग्रैार उसकी पाचन-शक्ति ठीक है या नहीं। यदि वह ज़रा भी बीमार हो तो तुरंत डाक्टर को बुलवाना चाहिए ग्रैार उसकी सम्मति के अनुसार कार्य्य करना चाहिए। बीच बीच में उनके दाँतों, कानों ग्रैार आँखों आदि को भी ध्यानपूर्वक देख लेना चाहिए। यदि भय हो तो बालक के भली भाँति लालन-पालन के विषय में किसी योग्य डाक्टर की सम्मति भी ले लेनी चाहिए।

इस अवसर पर बहुत सी बातों अथवा किसी एक बात के विषय में बहुत कुछ कहना असंभव है। पर यदि आप ऊपर लिखी बातों का पूरा पूरा अभिप्राय समझ लें तो यह प्रकरण लिखने का उद्देश्य पूरा हो जायगा। इस पुस्तक का अभिप्राय यही है कि जो माता-पिता अपने बालकों के स्वास्थ्य या

आचरण में से किसी एक से भी उदासीन हो जाते हैं वे दोनों से उदासीन होकर उन्हें नष्ट कर देते हैं।

मनुष्य की चार अवस्थाएं।

यहाँ तक शिक्षा की प्रारम्भिक बातों का वर्णन करके अब हम उसकी वास्तविक प्रणाली बतलाते हैं। अपने इस कार्य्य के लिए हम शिक्षा-काल को चार अवस्थाओं में विभाजित करते हैं।—(क) जन्म से ढाई वर्ष तक की अवस्था, (ख) ढाई से सात वर्ष तक की अवस्था, (ग) सात से इक्कीस वर्ष तक की अवस्था और (घ) इक्कोस वर्ष से ऊपर की अवस्था। पहली अवस्था में जब कि बालक को उतनी समझ नहीं होती, आप को उसे अच्छे अभ्यास डालने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दूसरी अवस्था में जब कि बालक में इतनी समझ आ जाती है कि वह आज्ञाओं का यथावत् पालन कर सके, उसको आज्ञाकारी बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। तीसरी अवस्था में जब कि उसकी मानसिक शक्तियाँ भली भाँति विकसित हो जाती हैं, उसे आदर-भाव से शिक्षा देनी चाहिए। इसके उपरांत की और अंतिम अवस्था में उसे आत्मनिर्भर होकर स्वयं अपना पथ-दर्शक बनना चाहिए।

इतना होने पर भी उत्तम अभ्यास डालने का क्रम बराबर दूसरी, तीसरी और चौथी अवस्थाओं में भी जारी रहना चाहिए। इसी प्रकार आज्ञाकारिता का क्रम तीसरी और चौथी अवस्थाओं में और आदर-भाव का चौथी अवस्था में जारी रहना चाहिए। वास्तव में इन चारों प्रणालियों का प्रयोग सभी अवस्थाओं में किसी न किसी अंश में हो सकता है। जिस समय जिस बात की अधिक आवश्यकता हो उस समय उसी बात पर ज़ोर देना उचित है।

इस पुस्तक में पहली, दूसरी और तीसरी अवस्थाओं पर अधिक ज़ोर दिया जायगा।

मनुष्य की चार अवस्थाऐं।

जन्म से ढाई वर्ष तक की अवस्था।

साधारण बातें।

(क) जन्म लेते ही और उसके कुछ समय बाद तक बालक बहुत ही निस्सहाय अवस्था में रहता है। बहुत प्रारम्भिक अवस्था में चाहे उसकी आवश्यकताएं कितनी ही अधिक हों तथापि उसमें अभिलाषाओं का अभाव ही रहता है। उस समय आपको बालक से यह कहने की आवश्यकता नहीं कि तुम अमुक कार्य्य करो अथवा न करो। वह स्वयं अपनी आवश्यकताएं नहीं जानता; और यदि किसी प्रकार जान भी ले उसमें उन्हें पूर्ण करने की योग्यता नहीं होती। और यदि वह किसी प्रकार अपनी आवश्यकताएं और उन्हें पूर्ण करने के उपाय जान भी ले तो भी अपनी शारीरिक अशक्ति के कारण वह उन्हें पूरा करने में असमर्थ ही रह जाता है।

(ख) कुछ महीनों बाद बालक में कुछ निश्चित अभिलाषाएं हो जाती हैं पर उस समय भी उसकी शारीरिक स्थिति उसे असमर्थ ही रखती है। उस अवसर पर उसकी आवश्यकताएं तो अनेक होती हैं पर उन्हें प्रकट करने की उसमें शक्ति नहीं होती। यदि वह भूखा या प्यासा हो, यदि उसे सरदी या गरमी लगती हो, यदि वह अस्वस्थ या दुखी हो, यदि उसे कोई चोट लग गई हो अथवा उसे और किसी प्रकार का कष्ट हो तो वह केवल रोने चिल्लाने के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं कर सकता। ऐसी दशा में उसके कष्ट का कारण जानना आपका काम है। निम्न-लिखित कारणों से बालकों में बेचैनी होती है:—

अधिक सोना या जागना, सरदी, गरमी, भूख, बहुत अधिक पेट भरा होना, भोजन का उपयुक्त या उत्तम न होना, आराम न मिलना, कुछ गड़ना, किसी दूसरे का दूध आदि पिलाना, तंग कपड़ा, कुछ काम न होना, कोई प्रसन्न करने वाला या नया काम न होना, चोट, दर्द, (इस दशा में

सारा बदन छूकर देखना चाहिए), गोद में जाने की इच्छा होना, लेटने की इच्छा होना, बैठने की इच्छा होना, गुल-गपाड़े से जी घबराना, करवट बदलने की इच्छा होना, किसी प्रकार की आवश्यकता होना, गीला, गंदा, भयभीत थका या माँदा होना।

(ग) जब बालक अट्ठारह महीने का हो जाता है तो वह अपनी आवश्यकताओं को किसी न किसी प्रकार जतलाने के योग्य हो जाता है। वह थोड़े से पर बहुत ही उपयोगी शब्द भी याद कर लेता है। अपने बहुत से काम वह आपही कर लेता है। यदि उससे कोई काम करने के लिए कहा जाय तो वह उसे समझता और कुछ अंशों में करता भी है।

छोटे बालक को इस प्रकार तीन अवस्थाएँ पार करनी पड़ती हैं। अब उसे शिक्षा देने का प्रकार आपके उद्देश्य और लक्ष्य पर निर्भर करता है। यदि आपका उद्देश्य उसे सुयोग्य, सशक्त, परिश्रमी और दयालु बनाना हो तो आपको अभी से उसे इन बातों पर लक्ष्य करके शिक्षा आरम्भ कर देनी चाहिए। ऐसी दशा में जब कि बालक न तो आपकी आज्ञाएँ समझ सकता हो और न वह उनके पालने में समर्थ हो तो उसे कुछ सिखलाने या समझाने का कोई प्रश्न ही नहीं हो सकता; तथापि उस दशा में शिक्षा का, पूरा करने के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण उद्देश्य अवश्य रहता है। वास्तव में बालक की जन्म से ढाई वर्ष तक की अवस्था बहुत मुख्य होती है क्योंकि उसके भविष्य की नीव उसी समय पड़ती है।

चाहे आरंभ में आप बालक से किसी बात के लिए कह न सकें तथापि आप उसका प्रभाव उस पर डाल सकते हैं। आप उससे जो चाहें करा सकते हैं, जिस दशा में चाहें रख सकते हैं और उसके साथ जैसा उचित समझें व्यवहार कर सकते हैं। उस समय वह सब प्रकार से आपके अधिकार में होता है। न वह कोई बात स्मरण रख सकता है और न आपके विचारों में सहायता दे सकता अथवा बाधा डाल सकता है। उस समय यदि आपका उद्देश्य निश्चित हो और आप विचारपूर्वक कार्य्य करें तो स्वयं बालक की असमर्थता ही आपको बहुत कुछ सहायता दे सकती है।

किसी वयस्क मनुष्य को किसी बतलाये हुए मार्ग पर चलाना बहुत कठिन होता है। यदि वह स्वयं भी उस पथ पर चलना चाहे तो भी अपने पुराने अभ्यास के कारण उसका निश्चय अपूर्ण रह जाता है। पर बालक में यह बात नहीं होती। उसकी प्रकृति बहुत ही उपजाऊ और शुद्ध भूमि की तरह होती है और यदि आप विचार से काम लें तो अवश्य कृतकार्य्य हो सकते हैं।

इस अवसर पर एक ऐसी कठिनता आ पड़ती है जो यदि आप होशियार रहें तो आपको कोई हानि नहीं पहुँचा सकती। आप अपने बालक को सदा उपयुक्त भोजन दें, उसे उचित और यथेष्ट शारीरिक तथा मानसिक अभ्यास करावें, दिन रात स्वच्छ और ताज़ी हवा में रक्खें, उसे ठीक तरह से स्नान आदि करा दें, गरम रक्खें और खेलने या आराम करने दें। यदि इन बातों का पूरा ध्यान रक्खा जाय तो फिर किसी प्रकार के भय की संभावना नहीं रह जाती।

चाहे आप उसे आज्ञाएँ न भी दे सकें पर तो भी आप उसे ऐसे अभ्यास डाल सकते हैं जो उसे आपके उद्दिष्ट मार्ग पर चला सकें। आरंभ में आपका प्रधान लक्ष्य अच्छी आदतों पर होना चाहिए और साथ ही साथ उससे ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि जिसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़े और जो उसे भविष्य के लिए तैयार कर सके।

जिस बालक को बुरे अभ्यास पड़ गए हों उसके अनुचित कृत्यों से कुढ़ना या खिजलाना और भी बुरा होता है। पर यदि बालक को अच्छी तरह शिक्षा दी गई हो तो यह बात नहीं होती; क्योंकि उस दशा में एक अच्छे अभ्यास से दूसरा नया अच्छा अभ्यास डालने में बहुत सहायता मिलती है। पर बिना उचित व्यवहार किए यह बात नहीं हो सकती। यदि आप, उसके साथ ठीक ठीक व्यवहार करें तो शीघ्र ही यदि उसमें कोई पहले की बुरी

आदत होगी तो वह भी छूट जायगी और वह नई अच्छी आदतें भी सीख लेगा।

सब बातें क्रमबद्ध होनी चाहिएं।

यदि सब बातों का क्रम विचारपूर्ण हो तो बालक की उचित आवश्यकताएँ बहुत अच्छी तरह पूरी हो सकती हैं और उसमें मानसिक या शारीरिक दुर्बलता भी नहीं आ सकती। यदि परिस्थिति ठीक हो तो उसे आपसे आप अच्छी आदतें पड़ जायँगी और आगे चल कर जब वह उनसे अभिज्ञ हो जायगा तो यही आदतें उसमें स्वाभाविक मालूम होने लगेंगी। उसका स्वभाव विनोदपूर्ण हो जाता है, मनमें खूब सोचने की शक्ति आ जाती है और इच्छा-शक्ति बहुत सरलता से वश में की जा सकती है।

इस संबंध में नीचे लिखे प्रकार के अभ्यास हो सकते हैं:—

(१) बराबर ठीक समय पर बालक को लेटा देना चाहिए और उस समय यदि वह जागता हो तो उसे अकेले छोड़ देना चाहिए और कमरे में कोई प्रकाश न रहने देना चाहिए।

(२) उसे ठीक समय पर उठ बैठना चाहिए और अवस्थानुसार निश्चित समय से अधिक न सोना चाहिए।

(३) स्वास्थ्य ठीक रहने पर उसे नित्य निश्चित समय और स्थान पर नियमित रूप से नहलाना और दूध आदि पिला देना चाहिए और निश्चित समय से पूर्व उसे किसी प्रकार का भोज्य पदार्थ नहीं मिलना चाहिए।

(४) प्रायः सभी ऋतुओं में दिन में कम से कम दो बार और डेढ़ घंटे के लिए उसे घर से बाहर खुली हवा में रखना चाहिए।

(५) ढाई बरस की अवस्था से उसे स्वयं ही खाने, नहाने और कपड़ा पहनने लगना चाहिए।

(६) उसे छड़ी, चाकू, दियासलाई, दीया अथवा इसी प्रकार की और कोई चीज न छूनी चाहिए और न दूसरे के पास कोई चीज देख कर उसे लेने की इच्छा प्रकट करनी चाहिए।

(७) भोजन से पहले और पीछे उसे अच्छी तरह हाथ मुँह धो लेना चाहिए और सदा स्वच्छ रहना चाहिए।

(८) तौलिए या रूमाल से उसे हाथ मुँह पोंछना चाहिए।

(९) जब तक वह स्वस्थ हो तब तक उसे सदा उचित और निश्चित समय पर प्राकृतिक आवश्यकताओं (पेशाब, पैखाना आदि) से निवृत्त करा देना चाहिए।

(१०) उसे प्रसन्नचित्त होकर सबका अभिवादन आदि करना, उनका मिजाज पूछना और आवश्यकतानुसार उन्हें धन्यवाद देना चाहिए।

(११) धीरे धीरे उसे इस सिद्धांत का अनुयायी बनाना चाहिए कि—"प्रत्येक वस्तु के लिए एक उपयुक्त और निश्चित स्थान होना चाहिए और प्रत्येक वस्तु अपने स्थान पर रक्खी जानी चाहिए।"

इन सब अभ्यासों से आपका भी कल्याण होगा और बालक का भी; और यदि उनके साथ विचार और दृढ़तापूर्वक व्यवहार किया जायगा तो उन्हें किसी प्रकार की कठिनता न हो सकेगी। बालक खूब स्वच्छन्दतापूर्वक रह सकेंगे और उनमें किसी प्रकार के बुरे अभ्यास न रह जायँगे।

बालक से बहुत ही थोड़ी और मुनासिब बात कहनी चाहिए। दो ही एक शब्दों में और स्पष्टतापूर्वक उसे सारी बात समझा देनी चाहिये और बिना उसे डाँटे डपटे, मारे पीटे या उसपर बिगड़े, और प्रसन्न होकर उससे आज्ञा-पालन कराना चाहिए। दलील करने से बालक का स्वभाव बिगड़ जाता है और वह आज्ञाकारी नहीं रह जाता। किसी बात को बार बार दोहराना न चाहिए। यदि डेढ़ बरस से अधिक अवस्था का स्वस्थ बालक कोई अनुचित या अनावश्यक पदार्थ माँगे तो उसकी बात पर ध्यान न देना चाहिए और